BORDER NEWS MIRROR
BNM
to the point...
Friday
13-05-2022
www.bordernewsmirror.com
Only bilingual Newspaper
₹5

www.bordernewsmirror.com

### शिल्पा ने बनाई सोशल मीडिया से दूरी

फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अब सोशल मीडिया से दूरी बनाने का फैसला किया है।

10

### सनी ने फिल्म 'जिस्म 2 ' से रखा था बॉलीवुड में कदम

साल 2012 में सनी ने फिल्म 'जिस्म 2 ' से बॉलीवुड में कदम रखा। हालांकि सनी के अभिनय को काफी पसंद किया गया।

10



### सोनाक्षी सिन्हा ने सगाई की अफवाहों पर लगाया विराम

सोनाक्षी ने फैंस के इन कयासों को अफवाह बताते हुए अपनी सगाई की ख़बरों पर पूर्ण विराम लगा दिया है।

10

### बटलर का विकेट लेना मेरे लिए बड़ी बात: चेतन सकारिया

दिल्ली के तेज गेंदबाज चेतन सकारिया, जिन्होंने अपने चार ओवरों में 23 रन देकर 2 विकेट लिये, ने कहा कि वह अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हैं।

9



## BRIEFLY

### कानून मंत्री मनमानी ढंग से नहीं खींच सकते कोई लक्ष्मण रेखा : चिदंबरम

नई दिल्ली। राजद्रोह कानून के उपयोग पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से रोक लगाने के बाद राजनीतिक गहमागहमी बढ़ गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू के उस बयान पर आपत्ति जताई है जिसमें उन्होंने कहा था कि हम कोर्ट और इसकी स्वतंत्रता का सम्मान करते हैं लेकिन एक लक्ष्मण रेखा (लाइन) है, जिसका सभी को अक्षरश: सम्मान करना चाहिए। पी चिदंबरम ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि केन्द्रीय मंत्री रिजिजू के पास ऐसा कोई अधिकार नहीं है कि वह अपने अनुसार मनमाने ढंग से कोई रेखा खींच सकें। उन्होंने कहा कि देश के कानून मंत्री को संविधान के अनुच्छेद 13 को जरूर पढ़ना चाहिए। चिदंबरम ने कहा कि कई विद्वानों का मानना है कि राजद्रोह कानून संविधान के अनुच्छेद 19 और 21 का उल्लंघन करता है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह कानून पर केन्द्र सरकार को पुन: विचार करने को कहा है। कोर्ट से साफ कहा है जब तक इस कानून पर पुनर्विचार नहीं होता तब तक केन्द्र और राज्य सरकार इस कानून के तहत मामले नहीं दर्ज कर सकते हैं। जिन लोगों पर इस धारा के तहत कार्रवाई हुई है वह जमानत के लिए कोर्ट जा सकते हैं। कोर्ट के इस कदम का कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी स्वागत किया है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि सच बोलना देश भक्ति है। देश द्रोह नहीं है। सच कहना देश प्रेम है यह देश द्रोह नहीं है।

## Trending News

### सरकारी योजना के लाभार्थी से संवाद में भावुक हुए प्रधानमंत्री

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों में से एक की बेटी से बात करते हुए भावुक हो गए और उनका गला भर गया। एक संक्षिप्त विराम के बाद उन्होंने कहा, "बेटी आपकी भावनाएं आपकी ताकत हैं।" प्रधानमंत्री मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भरूच में आयोजित 'उत्कर्ष समारोह' में गुजरात सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। इस दौरान एक नेत्रहीन लाभार्थी अयूब पटेल से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने उनकी बेटियों की शिक्षा के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री मोदी उनकी बड़ी बेटी आल्या के डॉक्टर बनने के सपने के बारे में सुनकर भावुक हो गए। बेटियों के सपनों को पूरा करने के लिए किसी भी प्रकार की मदद का आश्वासन देते हुए उन्होंने कहा, "बेटियों का सपना पूरा करना और कोई भी कठिनाई होने पर मुझे बताना।" वृद्ध सहाय योजना के लाभार्थी अयूब की बेटी आल्या ने कहा कि वह पिता के बीमारी को देखकर डॉक्टर बनना चाहती है। वह ग्लूकोमा से पीड़ित हैं। इतना कहने के बाद वह भावुक हो गई। यह नजारा देखकर स्वयं प्रधानमंत्री भी कुछ क्षणों के लिए स्तब्ध हो गये। उसके बाद प्रधानमंत्री ने उनसे कहा, "बेटी तुम्हारी संवेदना ही आपकी ताकत है।"



# झारखंड की खान सचिव पूजा सिंघल को तत्काल प्रभाव से निलंबित

बीएनएम@रांची

रांची। झारखंड की खान सचिव पूजा सिंघल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस बाबत कार्मिक विभाग ने गुरुवार को नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। पूजा सिंघल 2000 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी हैं। पूजा सिंघल उद्योग विभाग की सचिव के पद पर तैनात थीं। इसके अलावा उनके पास खान एवं भूतत्व विभाग सचिव के साथ झारखंड राज्य खनिज विकास लिमिटेड की प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार था। कार्मिक विभाग की अधिसूचना के अनुसार निलंबन अवधि में (हिरासत से मुक्त होने के बाद) उनका मुख्यालय कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, रांची होगा। इस दौरान उनको जीवन निर्वहन भत्ता मिलता रहेगा। उल्लेखनीय है कि फिलहाल, पूजा सिंघल ईडी की पांच दिन की रिमांड पर हैं। ईडी के अधिकारी लगातार उनसे पूछताछ कर रहे हैं। इस दौरान उनकी तबीयत भी बिगड़ जा रही है। ईडी ने दो दिनों की लम्बी पूछताछ के बाद बुधवार को गिरफ्तार किया था। उनसे शेल कंपनियों में निवेश, कैश की बरामदगी, मनरेगा घोटाले से संबंधित सवाल किये गये। ईडी के अधिकारियों के कई सवालों का पूजा सिंघल जवाब नहीं दे पायीं। पूजा के करीबियों के खिलाफ भी ईडी लगातार छापेमारी कर रही है। एक दिन पूर्व कोलकाता में उनके करीबी अभिजीत सेन के ठिकानों पर छापेमारी हुई थी। गुरुवार सुबह से ईडी कारोबारी सरावगी बिल्डर्स के ठिकानों पर रांची में छापेमारी चल रही है।

# झारखंड हाई कोर्ट से राहुल गांधी को राहत, अगली सुनवाई 26 सितंबर को



बीएनएम@रांची

रांची। झारखंड हाई कोर्ट से गुरुवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने राहुल गांधी की ओर से दायर क्वैशिंग याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क़ कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया है। इसके साथ अदालत ने निचली अदालत की कार्रवाई पर भी रोक लगा दी है और याचिककर्ता को नोटिस जारी किया है। हाई कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार को भी जवाब दाखिल करने के निर्देश दिया है। अब राहुल गांधी से जुड़े मामले की [illegible] सितंबर को होगी। राहुल गांधी की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने जस्टिस संजय द्विवेदी के कोर्ट में पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को रांची सिविल कोर्ट ने समन जारी किया था। इसके खिलाफ राहुल गांधी की ओर से झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गयी है। राहुल की ओर से दाखिल याचिका में समन के साथ ही मामले को खारिज करने की अपील की गई है। राहुल गांधी को "सभी मोदी चोर वाले" बयान पर निचली अदालत ने समन जारी किया था।

# नीट पीजी परीक्षा को स्थगित करने के लिए आईएमए ने लिखा स्वास्थ्य मंत्री को पत्र

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। नीट पीजी 2022 की परीक्षा स्थगित करने की छात्रों की मांग के समर्थन में अब इंडियन मेडिकल एसोसिएशन भी आ गया है। गुरुवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया को नीट पीजी 2022 की परीक्षा स्थगित करने के लिए पत्र लिखा है। स्वास्थ्य मंत्री को लिखे अपने पत्र में मंत्रालय से 21 मई को होने वाली परीक्षा स्थगित करने का आग्रह किया गया है। आईएमए ने स्वास्थ्य मंत्रालय को लिखे अपने पत्र में कहा कि पांच से 10 हजार इंटर्न, जिन्होंने कोरोना महामारी के दौरान कोरोना योद्धा के रूप में कार्य किया, वे अपनी अंतिम परीक्षा पूरी होने में देरी के कारण नीट पीजी के लिए उपस्थित नहीं हो पाएंगे। इसलिए छात्रों के भविष्य को देखते हुए नीट पीजी की परीक्षा को कुछ दिनों के लिए स्थगित किया जाना चाहिए। इससे पहले फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने भी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया को एक पत्र लिखा था और उनसे परीक्षा स्थगित करने का आग्रह किया था। इस बीच, कई छात्र काउंसलिंग में देरी के कारण नीट की परीक्षा स्थगित करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि कोरोना के कारण समय पर अपनी इंटर्नशिप पूरी नहीं कर पाए हैं।




# इन्वेस्टर्स के लिए निवेश की पहली पसंद बनेगा बिहार: उपमुख्यमंत्री




बीएनएम@पटना/नई दिल्ली

पटना/नई दिल्ली।राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के ताज होटल में आयोजित बिहार इन्वेस्टर्स मीट-2022 को गुरुवार संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि बिहार में औद्योगिक विकास और उद्यमिता के क्षेत्र में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। बिहार में निवेश की प्रचुर संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने औद्योगिक प्रोत्साहन नीति और इथेनॉल उत्पादन प्रोत्साहन नीति को अंगीकृत करके राज्य में निवेश और निवेशकों की सुविधा के सुनिश्चित इंतजाम किए हैं। इन्वेस्टर्स के लिए बिहार निवेश की पहली पसंद बनेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार पहले उपभोक्ता राज्य के रुप में जाना जाता था। फार्मास्युटिकल्स सहित अन्य उत्पादों को बनाने वाली बड़ी-बड़ी कंपनियां बिहार में अपने उत्पादों की मार्केटिंग के लिए बड़े पैमाने पर प्रचार-प्रसार करती रही हैं। परंतु अब स्थितियां बदली हैं।बिहार अब उपभोक्ता राज्य ही नहीं, बल्कि उत्पादक राज्य बनने की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है। तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि उद्योग मंत्री मो शाहनवाज हुसैन इस दिशा में संकल्पित प्रयास कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि बिहार के पास प्रचुर मात्रा में जल संपदा है। सालों भर जल से प्लावित रहने वाली नदियां हैं।मां स्वरुपा गंगा नदी का लंबा किनारा बिहार से होकर गुजरता है। ऐसी स्थिति में एक एक्वा उद्योग की बिहार में बड़ी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त मक्का, मखाना, आम, लीची, केला का उत्पादन बिहार में बड़े पैमाने पर होता है, जो फूड प्रोसेसिंग उद्योग के कच्चे माल के रुप में उपयोगी है। इथेनॉल उत्पादन के लिए बिहार में तेजी से काम शुरु हुआ है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 2005 से लगातार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में आधारभूत संरचनाओं में काफी काम हुआ है। सड़कें, बिजली, विधि-व्यवस्था सहित औद्योगिक विकास के लिए महत्वपूर्ण इन सभी अवयवों पर बेहतर काम हुआ है, जिससे राज्य में औद्योगिक विकास का सकारात्मक माहौल पैदा हुआ है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में 218000 करोड़ रुपये का बजट पेश किया था, जिसमें से अलग-अलग विभागों में तकरीबन दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च हुई, जिससे बिहार बजट की सर्वाधिक राशि खर्च करने वाले प्रमुख पांच राज्य में शामिल हुआ। बिहार सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में 237000 करोड़ का बजट पेश किया है। बिहार की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है।

## NEWS IN BRIEF

### एडीजी ने अधिकारियों साथ की बैठक

मुंगेर। मुंगेर प्रशासनिक भवन में सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को लेकर गुरुवार को एडीजी की अध्यक्षता में मुंगेर पुलिस अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक आयोजित की। मौके पर मुंगेर डीआईजी व एसपी अलावा सभी डीएसपी,सीआई विभिन्न थाना के थानाध्यक्ष बैठक में शामिल हुए। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी अनुसंधान कर्ताओं द्वारा कांड का प्रभार नहीं दिया गया है 15 दिनों के अंदर वरिष्ठ अधिकारी को कांड का प्रभार देने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा अंचल निरीक्षक का दायित्व होगा कि थाना सिरिस्ता को अद्यतन अलावा लंबित कांडों का रिव्यू करें और अधिक से अधिक कांड का निष्पादन करेंगे साथ ही नक्सली घटनाओं व क्षेत्र को चिन्हित कर निगरानी का निर्देश दिए। विधि व्यवस्था संधारण लेकर समय समय पर जनप्रतिनिधि के साथ शांति समिति का बैठक करने का निर्देश दिया।

### शिक्षा विभाग के पांच अधिकारियों का तबादला

पटना। शिक्षा विभाग ने गुरुवार को पांच अधिकारियों का तबादला किया है। अधिसूचना के अनुसार पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे अश्विनी कुमार को बिहार शिक्षा परियोजना परिषद में पदस्थापित किया गया है। वेटिंग फॉर पोस्टिंग नीरज कुमार को बेगूसराय का जिला कार्यक्रम पदाधिकारी बनाया गया है। राघवेंद्र मणि त्रिपाठी को शिवहर का जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनोज कुमार को सहायक निदेशक प्राथमिक शिक्षा के पद पर पदस्थापित किया गया है। बेगूसराय के कार्यक्रम पदाधिकारी राजकमल कुमार को पटना का जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया है।

## 25 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

बीएनएम@नवादा

नवादा। नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के जॉबकला गांव से पुलिस ने गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर 25 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया और एक बाइक जब्त किया है। थानाध्यक्ष दरबारी चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जॉबकला से देसी महुआ शराब का बिक्री करने एक युवक जा रहा है । किसी सूचना के आलोक में एक टीम बनाकर छापेमारी की गई ।छापेमारी के दौरान मंगल राजवंशी के पुत्र ओम प्रकाश कुमार को 25 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से एक ग्लैमर मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। जिसका इंजन और चेचिस नंबर से गाड़ी के पूरा डिटेल पता किया जा रहा है ।प्रथम द्दष्या यह लग रहा है कि बाइक चोरी की है। जांच रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

## किसानों को खुशहाल बनाने के लिए केन्द्र-राज्य की सरकार संकल्पित: अमरेन्द्र

बीएनएम@पटना

पटना। किसानों को खुशहाल बनाने के लिए केन्द्र एवं राज्य की सरकार संकल्पित है। किसान खुशहाल होंगे तो देश खुशहाल होगा। बिहार की सरकार हमेशा केन्द्र की योजना तथा राज्य की योजना से किसानों को जोड़ने का काम किया। यह बात भाजपा प्रदेश कार्यालय के सहयोग कार्यक्रम में गुरुवार को बिहार सरकार के कृषि मंत्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने कही। कृषि मंत्री अमरेंद्र सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार ने किसानों को सम्मान दिया। उनके मनोबल को बढ़ाने का काम किया। केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश के किसानों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया। कोरोना काल से लेकर अब तक किसानों के साथ देश की सरकार ने कदम से कदम मिलाकर चलने तथा उनके कृषि कार्य में किसी प्रकार की कठिनाई न हो किसान सम्मान निधि देकर किसानों के हौसले को बढ़ाने का काम किया। पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना पर केन्द्र ने स्पष्ट कर दिया है। दस वर्षों तक देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार में रहे लोग उस समय क्यों नहीं जातीय जनगणना की मांग किया। कोई भी राज्य सरकार जनगणना करा सकती है । नेता प्रतिपक्ष के इशारे पर राज्य सरकार नहीं चलेगी। हमलोग जनता के इशारे पर चलने वाले हैं । सहयोग कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता रत्नेश सिंह ने कृषि से संबंधित जनहित के मुद्दों से अवगत कराया।

## सहारा प्रमुख कोर्ट में हाजिर हो: हाई कोर्ट




बीएनएम@पटना

पटना। सहारा इंडिया के विभिन्न स्कीमों में उपभोक्ताओं द्वारा जमा किये गए पैसे के भुगतान को लेकर दायर की गई दो हजार से ज्यादा हस्तक्षेप याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने सहारा प्रमुख सुब्रतो राय को 13 मई शुक्रवार को साढ़े दस बजे सशरीर हाई कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि श्री रॉय को हर हाल में कोर्ट के आदेश का पालन करने के लिये कोर्ट में उपस्थित होना पड़ेगा .न्यायाधीश संदीप कुमार की एकलपीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। 27 अप्रैल को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सहारा प्रमुख सुब्रतो रॉय को 12 मई को हाई कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया था। सुब्रतो रॉय को हाई कोर्ट में पेश होने को लेकर हाई कोर्ट के इर्दगिर्द भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। बावजूद इसके सुब्रतो रॉय कोर्ट में उपस्थित नही हुए.उनकी ओर से हाई कोर्ट में उपस्थित नही होने की छूट देने संबंधी दायर की गई दो याचिकाओं को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया। इस आदेश के बाद सहारा प्रमुख श्री रॉय सुप्रीम कोर्ट गए लेकिन गुरुवार तक उन्हें सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नही मिली। हाई कोर्ट ने कहा कि उन्होंने अपनी सुरक्षा का हवाला देकर कोर्ट में उपस्थिति से छूट देने यदि जो आवेदन दिया है इसके पहले ही पटना हाई कोर्ट द्वारा जिला प्रशासन को उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए सूचित हाई कोर्ट द्वारा किया जा चुका है। गुरुवार को भी उनके हाईकोर्ट में उपस्थित होने को लेकर हाईकोर्ट के अगल-बगल की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद थी। बावजूद इसके श्री रॉय कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। इसके पहले की सुनवाई में कोर्ट ने सहारा के वकील से यह जानकारी मांगी थी कि वह कोर्ट को यह बतावे की बिहार के निवेशकों का पूरा पैसा उन्हें कब तक और किस तरह मिलेगा। कोर्ट के निर्देश के बाद भी सहारा की ओर से कोई भी जानकारी स्पस्ट रुप में नही दी गई तब नाराज होकर कोर्ट ने यह निर्देश दिया।

## जल जीवन हरियाली के तहत समीक्षा भवन में बैठक

बीएनएम@भागलपुर

भागलपुर। बिहार संवाद यात्रा को लेकर गुरुवार को समीक्षा भवन में जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में जिले के अधिकारियों के साथ जल जीवन हरियाली के तहत कई बिंदुओं पर बैठक की गई। उल्लेखनीय है कि बिहार संवाद यात्रा 25 अप्रैल से शुरु होकर 27 मई तक चलेगा। इसका शुभारंभ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं जाने माने पर्यावरणविद जल पुरुष राजेंद्र सिंह द्वारा किया गया तथा इस यात्रा का संयोजन पर्यावरण प्रेमी एवं जलप्रहरी मनोहर मानव के द्वारा किया जा रहा है। बढ़ती हुई गर्मी, असामयिक वर्षा, ग्लेशियर का पिघलना, कहीं भयंकर बाढ़ तो कहीं सूखा की त्रासदी आदि को देखते हुए जल जीवन हरियाली के तहत कई बिंदुओं पर कई जिलों में इस विषय पर समीक्षा की जा रही है। 25 अप्रैल से 27 मई तक चलने वाला यह बिहार संवाद यात्रा के तहत भागलपुर समीक्षा भवन में की गई।



# यासीन मलिक के कबूलनामा के बाद बिहार भाजपा अध्यक्ष ने राहुल गांधी से पूछा सवाल




बीएनएम@पटना

पटना। बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने आतंकी यासीन मलिक के अदालत में अपराध कबूलने के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इसी इकोसिस्टम की सलाह पर दिन-रात क्रांति के गीत गा रहे कांग्रेस के 'युवराज' से एक सवाल..देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री के साथ मुस्कुराती हुई इस आतंकी की तस्वीरों को देख इसके शिकार हुए लोगों के परिजनों के दिल पर क्या बीतती होगी ? डॉ जायसवाल ने गुरुवार को अपने फेसबुक पेज पर कुछ तस्वीरों को पोस्ट करते हुए लिखा कि दुर्दांत आतंकी यासीन मलिक के अपने नृशंस अपराधों के कबुलनामे के बाद प्रसिद्द कवि व गीतकार प्रदीप के लिखे गीत 'कोई लाख करे चतुराई करम का लेख मिटे न रे भाई' के यह बोल आज फिर से मौजूं हो चले हैं। उन्होंने कहा कि वायुसेना के अधिकारियों समेत न जाने कितने मासूमों को मौत के घाट उतार देने वाले इस शख्स ने कितने घर बर्बाद किये होंगे, कितनी माताओं की कोख सूनी की होगी और कितनों के सुहागों को छीना होगा, इसकी वास्तविक जानकारी शायद इसे भी नहीं होगी. लेकिन इतने कुकर्मों के बावजूद कांग्रेस राज में इसका क्या दबदबा था यह तत्कालीन प्रधानमन्त्री मनमोहन सिंह के हाथों में हाथ डाले इसकी तस्वीर से पता चलता है। डॉ जयसवाल ने कुछ मीडिया संस्थानों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उस समय देश के शीर्ष मीडिया संस्थान जहां इस नराधम को 'यूथ आइकॉन' बताते थे वहीं देश के टुकड़े-टुकड़े लगाने वाले 'आजादी गैंग' के लिए तो इससे बड़ा नायक कोई और था ही नहीं। सोचिये कांग्रेस की सरपरस्ती में तथाकथित 'बुद्धिजीवियों' ने देश में कैसा माहौल बनाया हुआ था, जो यासीन मलिक जैसे आतंकी को उसकी 'औकात' दिखाने की बजाए उसके 'महिमामंडन' को अपना कर्तव्य मानता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के उत्थान को यह तबका आज तक पचा नहीं पाया है। सीएए, कृषि कानूनों पर झूठ बोलकर दंगा करवाने की साजिश उसी का प्रतिफल थे। इन्हीं के इशारे पर कांग्रेस के नेता मोदी को हटाने के लिए पाकिस्तान तक से मदद मांगने चले गये थे। लोगों की माने तो इन्हीं के इशारे पर कांग्रेस और चीन की जुगलबंदी आज तक चल रही है।

## NEWS IN BRIEF

### प्रेमिका से मिलने जाता था प्रेमी, ग्रामीणों ने पकड़ कर करायी शादी

पूर्णिया। बिहार में पूर्णिया जिले के एक बिजली मिस्त्री की करतूत इन दिनों चर्चा का विषय है। कृत्यानंद नगर थाना के गणेशपुर पंचायत के डहेरिया आदिवासी टोला में बिजली मिस्त्री सुरेंद्र राय को लोगों ने उनकी प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक स्थिति में रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने पहले दोनों को जमकर मारा पीटा, फिर जूते की माला पहनाई और बाल मुड़वा दिए। इसके बाद गांव में भी घुमाया। ग्रामीणों ने दोनों की शादी भी करवा दी । स्थानीय लोगों के अनुसार, परोरा निवासी बिजली मिस्त्री सुरेंद्र राय का पिछले पांच वर्षों से आदिवासी लड़की से अवैध संबंध था। बिजली मिस्त्री सुरेंद्र राय जब भी अपने प्रेमिका से मिलने जाता था तो गांव की बिजली तीन घंटे के लिए काट देता था। इस दौरान दोनों कहीं पर रंगरेलियां मनाते थे। अक्सर गांव की बिजली काटने से ग्रामीण काफी परेशान थे। ग्रामीणों ने बिजली मिस्त्री को सबक सिखाने की ठानी। बीते दिनों गांव की बिजली कटी तो ग्रामीण सुरेंद्र राय की खोज में लग गए। गांव के बाहर ग्रामीणों ने सुरेंद्र को एक युवती के साथ आपत्तिजनक हालात में पकड़ लिया।

ग्रामीणों ने मिलकर दोनों की शादी करा दी। इसके बाद ऑटो पर बैठा कर दुल्हन को दूल्हा बिजली मिस्त्री सुरेंद्र राय के घर पर भेज दिया। इस बाबत अभी तक किसी भी पक्ष से थाना में प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई है। लेकिन इन दिनों यह वाक्या पूर्णिया और आसपास के इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।परंतु अभी तत्काल कुछ लोगों के अनुसार प्रतिदिन गांव में लोड सेडिंग के लिए लाईन काटी जाती थी।उसी दौड़ान वह मिस्त्री प्रेमिका के पास चला जाया करता था।

# बिहार की पांच राज्यसभा सीटों पर मतदान 10 जून को

बीएनएम@पटना

पटना। भारत निर्वाचन आयोग ने राज्यसभा की कुल 57 सीटों के लिए चुनाव की तारीखों की घोषणा आज कर दी है। इसमें बिहार की पांच सीटें भी शामिल हैं। बिहार के जिन राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल खत्म हो रहा है, उनमें केंद्रीय मंत्री और जदयू नेता आरसीपी सिंह, राजद की मीसा भारती, भाजपा के गोपाल नारायण सिंह और सतीश चंद्र दुबे के साथ शरद यादव की सीट शामिल है। शरद यादव की सदस्यता 04 दिसंबर, 2017 से ही खाली मानी जा रही है। चुनाव आयोग की जारी शेड्यूल के मुताबिक बिहार में पांच राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे। इसके अलावा हरियाणा, झारखंड, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, उड़ीसा और महाराष्ट्र जैसे राज्यों के लिए भी राज्यसभा की सीटों पर चुनाव होंगे।

# बिहार की पांच राज्यसभा सीटों पर मतदान 10 जून को, शेड्यूल जारी

बीएनएम@पटना

पटना। भारत निर्वाचन आयोग ने राज्यसभा की कुल 57 सीटों के लिए चुनाव की तारीखों की घोषणा आज कर दी है। इसमें बिहार की पांच सीटें भी शामिल हैं। राज्यसभा के लिए बिहार से जिन सीटों पर चुनाव होने हैं उनके सदस्यों का कार्यकाल 7 जुलाई को खत्म हो रहा है। बिहार के जिन राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल खत्म हो रहा है, उनमें केंद्रीय मंत्री और जदयू नेता आरसीपी सिंह, राजद की मीसा भारती, भाजपा के गोपाल नारायण सिंह और सतीश चंद्र दुबे के साथ शरद यादव की सीट शामिल है। शरद यादव की सदस्यता 04 दिसंबर, 2017 से ही खाली मानी जा रही है। चुनाव आयोग की जारी शेड्यूल के मुताबिक बिहार में पांच राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे। इसके अलावा हरियाणा, झारखंड, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तमिलनाड़ु, कर्नाटक, उड़ीसा और महाराष्ट्र जैसे राज्यों के लिए भी राज्यसभा की सीटों पर चुनाव होंगे। 24 मई को चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होगी। 31 मई तक के उम्मीदवार अपना नामांकन व 1 जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 3 जून तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। 10 जून को मतदान का तारीख रखा गया है। 10 जून को सुबह 9:00 बजे से लेकर शाम 4:00 बजे तक वोटिंग होगी और इस दिन शाम 5:00 बजे से मतों की गिनती होगी।

# बिहार निवेश के लिए तैयार कर रहा अनुकूल वातावरण : शाहनवाज हुसैन

बीएनएम@पटना/नई दिल्ली

पटना/नई दिल्ली। बिहार इंवेस्टर्स मीट में प्रदेश के उद्योग मंत्री शाहनवाज हुसैन ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व ने राज्य में तीव्र औद्योगिक विकास और अपार रोजगार क्षमता के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया है। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि औद्योगिक विकास की गति को और तेज करने के लिए नई दिल्ली में ऐतिहासिक बिहार इंनवेस्टर्स मीट-2022 का आयोजन किया जा रहा है। यह राज्य में निवेश के अपार अवसरों को प्रदर्शित करने वाला एक कार्यक्रम है। यह हम सभी के लिए बड़े गर्व की बात है कि उद्योग लगातार प्रदेश में रुचि दिखा रहे हैं। एक निवेशक शिखर सम्मेलन के बिना भी, राज्य औद्योगिक संवर्धन बोर्ड (एसआईपीबी) को 36,253 करोड़ का प्रस्ताव मिला है। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि बिहार को पूर्वी क्षेत्र में नए "निवेशकों के गंतव्य" के रूप में पेश किया जा रहा है।




# सीएम जातिगत जनगणना के है पक्षधर: उमेश



बीएनएम@पटना

पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा है कि जनता दल यूनाइटेड हमेशा से जातिगत जनगणना की पक्षधर रही है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की मजबूती, समतामूलक एवं समरस समाज की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जातिगत जनगणना के पक्षधर हैं। उनके अनुसार जहां तक जातीय जनगणना का प्रश्न है हमारे सर्वमान्य नेता एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रारंभ से ही इसकी मांग करते रहे है। अन्य राजनीतिक पार्टियां जहां जातिगत जनगणना की मांग राजनैतिक लाभ के लिए करती हैं, वहीं दूसरी ओर जनता दल यूनाइटेड जातिगत जनगणना की माँग, लोक-कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने, राज्य में संतुलित और समग्र विकास एवं समतामूलक समाज की स्थापना के साथ-साथ समाजिक न्याय के मजबूती के लिए करती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि बिहार सरकार खुद ही जातीय जनगणना कराएगी। उन्होंने कहा कि जनगणना से संबंधित संवैधानिक प्रावधान, संविधान की सातवीं अनुसूची के विषय संख्या 69 मे स्पष्ट है। जनगणना पर विधि का निर्माण करना एवं जनगणना के कार्य का संपादन कराना केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में शामिल है। इसके बावजूद हमारे नेता नीतीश कुमार लोकहित में सतत रूप से जातीय जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। बिहार सरकार इसके लिए कानूनी विकल्प की तलाश कर रही है ताकि इस कार्य को शीघ्र संपादित किया जा सके। वही विपक्षी पार्टियां सरकार पर जाति जनगणना को टालने का झूठा आरोप लगा रही है जो उनके राजनीतिक अज्ञानता को दर्शाता है। विपक्षी पार्टियां केवल जातीय मुद्दे को हवा देकर अपना राजनीतिक हित साधने एवं स्वयं को मीडिया में बने रहने की खेल खेल रही हैं जातिगत जनगणना किसी विशेष जाति या वर्ग के लिए नहीं है बल्कि यह संपूर्ण समाज के समग्र संतुलित एवं समावेशी विकास के लिए एक संवेदनशील मामला है। इस मामले का हमारे नेता नीतीश कुमार सभी राजनीतिक दलों के साथ मिल बैठकर लोकतांत्रिक व वैधानिक ढंग से समाधान चाहते हैं।

BORDER NEWS MIRROR

CHAMPARAN

Friday
13-05-2022



# डाक से चिट्ठी भेजकर चिकित्सक से मांगी दस लाख की रंगदारी, दहशत में परिजन



बीएनएम@तुरकौलिया

तुरकौलिया। डाक्टर से अपराधियों ने 10 लाख रुपए रंगदारी मांगी है। डाकखाना से डाक पिऊन ने जब चिट्ठी चिकित्सक को दिया तब जाकर रंगदारी की बात सामने आया है। आठ दिन के अंदर रंगदारी का रुपए पहुंचाने के लिए कहा गया है। साथ ही चिट्ठी में यह भी बताया गया है कि पुलिस को इसकी सूचना देने पर एके 47 से भून दिया जाएगा। रंगदारी की रकम कब और कहा पहुंचाना है। यह बात भी चिट्ठी में लिखा हुआ है। इस मामले को लेकर चिकित्सक डा0 अफजल आलम व उनकी पत्नी निवर्तमान मुखिया बेबी आलम ने एसपी मोतिहारी व तुरकौलिया थाना को आवेदन देकर सुरक्षा की मांग किया है। साथ ही अपराधियों को गिरफ्तार करने की भी मांग की है। जहां दिए आवेदन में बताया गया है कि पश्चिमी चंपारण के एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। जब वह बुधवार को ड्यूटी से लौटकर तुरकौलिया क्लीनिक बोरिंग चौक आए तो उनका स्टाफ विवेक कुमार ने उनसे बोला कि डाकखाना का डाक पिऊन एक चिट्ठी लाकर दिया है। यह कहते हुए उसने चिट्ठी थमा दिया। जहां लिफाफा के उपर उदय कुमार अधिवक्ता, सिविल कोर्ट मोतिहारी, कैंपस-1 लिखा हुआ था। जब वह लिफाफा खोलकर देखें तो उसके अंदर एक चिट्ठी था। जिसपर बड़े बड़े अक्षर से हिंदी में लिखा हुआ था। चिट्ठी में अश्लील गाली देते हुए 10 लाख रुपए की रंगदारी की मांग की गई है। आठ दिन के अंदर रुपए देने को कहा गया है। रंगदारी नही देने पर जान मारने की धमकी दिया गया है। रंगदारी मांगने की बात पुलिस को बताने पर एके-47 से भून देने की धमकी भी दी गई है। रुपए कब और कहा देना है इस बारे में चिट्ठी में बताया गया है कि तुरकौलिया चेवर के जमुनिया नहरी के पुल के पास एक पेड़ पर रस्सी बांधा हुआ है। उसी में रुपए पहुंचाने का पता ठिकाना बताया गया है। रंगदारी मांगने वाला ने अपना नाम जेके डॉन बताया है। दिए आवेदन मे चिकित्सक डा0 अफजल आलम व उनकी पत्नी निवर्तमान मुखिया बेबी आलम ने बताया है पुलिस अधीक्षक को बताया है कि अपराधियों द्वारा रंगदारी मांगने को लेकर उनका पुरा परिवार दहशत में आ गया है। परिवार के सभी सदस्य किसी अनहोनी घटना के बारे में सोचकर डरे सहमे हैं। डाक्टर के हैसियत से वह हमेशा अंदर बाहर जाते रहते हैं। साथ ही उनके क्लिनिक पर भी हमेशा लोग आते रहते हैं। रंगदारी मांगने के बाद से वह मानसिक तनाव में आ गए हैं।

## NEWS IN BRIEF

### पेड़ से लटका मिला वृद्ध का शव, हत्या की आशंका

मुज़फ़्फ़रपुर। जिले के सरैया थाना क्षेत्र के रेवा घाट बांध किनारे एक बेल के पेड़ से धोती के सहारे लटका हुआ एक वृद्ध का शव आज सुबह स्थानीय लोगों ने देखा जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। चर्चा है कि वृद्ध की हत्या की गयी है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची सरैया थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है लेकिन अब तक शव की पहचान नहीं हो सकी है। सरैया थानेदार सुनील कुमार ने बताया कि एक वृद्ध का शव पेड़ से लटका हुआ मिला है फिलहाल उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। आसपास के लोगों से शिनाख्त कराया जा रहा है। प्रथम द्दष्या मामला सुसाइड का लगता है लेकिन स्थानीय सूत्रों की माने तो मृतक व्यक्ति आसपास के इलाकों में घूम कर विगत 5-6 दिन से रेवा मंदिर से लेकर घाट तक डांरा,बध्धी आदि बेचता था जो धोती वह पहनता था,उसी धोती का फंदा लगा हुआ है व गले मे बहुत टाइट से बंधा हुआ है।

### अवैध हथियार के साथ फोटो वायरल करने वाले युवक गिरफ्तार

सिकरहना- अनुमंडल के घोड़ासहन पुलिस द्वारा छापेमारी कर अवैध हथियार के साथ फोटो वायरल करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है ।पुलिस द्वारा उक्त कारवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई । घोड़ासहन थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा द्वारा गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर लौखान निवासी शहीद मियाँ के पुत्र खबीर मियाँ के रुप में की है।बहरहाल पुलिस गिरफ्तार युवक से उक्त हथियार के बारे में पूछताछ व छानबीन कर रही है।।

## 11 छात्राओं को मोबाइल से लिखते पकड़ा, निष्कासित

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी।शहर के पांच केंद्रों पर स्नातक पार्ट 1 की परीक्षा दोनों पालियों में शांतिपूर्ण माहौल में हो रही है। गुरुवार को एमएस कॉलेज केंद्र पर प्रथम पाली में इतिहास विषय की परीक्षा हुई। जिसमें कुल 797 परीक्षार्थी शामिल हुए। प्रथम पाली में ही मोबाइल और गेस पेपर से कदाचार करते हुए पकड़े जाने पर 11 लड़कियों को परीक्षा से निष्कासित कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पकड़े जाने के बाद लड़कियों ने हाई वोल्टेज ड्रामा शुरु कर दिया और पूरे सेंटर पर परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों को शोर गुल करते हुए डिस्टर्ब करने लगी। आजिज आकर सेंटर सुपरिटेंडेंट को पुलिस की मदद लेनी पड़ी। द्वितीय पाली में जूलॉजी, बॉटनी, अंग्रेजी और फिलोसॉफी की परीक्षा हुई। प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक प्रो.(डॉ.)अरुण कुमार ने कहा है कि किसी भी परिस्थिति में इस केंद्र पर कदाचार को प्रश्रय नही दिया जाएगा।

## रक्सौल प्रखंड के पुरंदा पंचायत में 1150 लोगों ने लिया राजद की सदस्यता

बीएनएम@रक्सौल

रक्सौल। पूरे बिहार में राजद के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और नेता प्रतिपक्ष श तेजस्वी यादव जी के नेतृत्व में पूरे बिहार में महासदस्यता अभियान चलाया जा रहा ! इसी अवसर पर आज पुरंदरा पंचायत में जिला परिषद सदस्य नबी हसन आलम जी के दरवाजे पर कैंप लगाकर हजारों लोगों को राजद की सदस्यता दिलाई गई! मौके पर राजद के प्रखंड अध्यक्ष अनिल यादव जी, पंचायत समिति सदस्य जाने आलम जी, वार्ड सदस्य किशन यादव, मोहम्मद नौशाद, जावेद ,झूलन पटेल, रंजन यादव, सुभाष यादव, अवध शाह,किशन दास, पूर्व पंचायत समिति रामधारी यादव, इत्यादि बड़ी संख्या में लोग राजद की सदस्यता ग्रहण किए 10₹ सदस्यता शुल्क लेकर सदस्यता दिलाई गई ! लगभग 70 प्रतिशत हारे हुए पंचायत जनप्रतिनिधियो ने सदस्यता ग्रहण किया !इस अवसर पर रक्सौल महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी रामबाबू प्रसाद यादव ने कहा कि महासदस्यता अभियान के तहत रक्सौल विधानसभा में कई हजार सदस्य बनाए जाएंगे आने वाला दिन अब राजद का है तेजस्वी यादव का है मजदूर,किसान ,बेरोजगार ,आशा भरी निगाहों से तेजस्वी यादव को देख रहे हैं! महंगाई भ्रष्टाचार से अब जनता उब चुकी है सिलेंडर पेट्रोल के दाम सरकार के अंडर में नहीं हैं मोदी सरकार जुमलेबाजी और भाईचारा को बिगाड़ने में अपना समय गवा रही है।

## पश्चिम चंपारण में अगलगी मे 32 घर जलकर राख

बीएनएम@बेतिया

बेतिया। नवलपुर पंचायत के खलवा टोला गांव में आज लगी आग से 32 घर जलकर राख हो गये।वही लाखों की संपत्ति राख की ढेर में बदल गई। बताया जाता है कि रामप्रसाद पटेल के घर में खाना बनाने के बाद उनकी झोपड़ी मे आग लग गयी।जिसके बाद आग फैलने लगा। आग की उठती लपटों को देख लोग घर छोड़ सरेह की तरफ भागने लगे। आग की लपटे भूखल पटेल, विंध्याचल रावत, भूषण पटेल, गगन पटेल, जगन पटेल, प्रेम पटेल, रोशन पटेल, लालबाबू पटेल, रामप्रसाद राउत, रमायण राउत, नितेश पटेल, पप्पू पटेल, मनोज पटेल, शत्रुघ्न पटेल, लड्डू पटेल, ललन पटेल, केश्वर पटेल समेत पलभर मे डेढ दर्जन घर धू धू कर जलने लगा।लोग माटी पानी आदि फेक कर आग पर काबू करने मे जूट गये परंतु आग की ताप से कोई पास नही पहुँच पा रहा था। मुखिया सबिता देवी ने बताया कि अग्नि शामक दस्ता के पहुँचने में दो घण्टा का समय लग गया जिसके बाद आग पर काबू पाया गया।



## ब्याज नहीं देने पर उतारा मौत के घाट



बीएनएम@बेतिया

बेतिया। काली बाग ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत पश्चिम करगहिया वार्ड नंबर 2 के निवासी प्रमोद शाह खुदरा मछली व्यवसाई को ब्याज नहीं देने के चलते ब्याज खोरों ने मार डाला। मृतक प्रमोद शाह की पत्नी ने बताया मेरे पति ने कुछ काम धंधा करने के लिए बगल के पड़ोसी शेषनाथ शाह से ₹16000 ब्याज पर ले रखा था। इसके एवज में रोज हमारे पति ₹160 ब्याज के रूप में दिया करते थे। इस तरह हमारे पति ने 16000 रुपए के एवज में ब्याज के रुप में ₹50000 भर दिए थे। इतना पैसा देने के बावजूद भी हमारे पति समय से ब्याज दिया करते थे। इधर दस पन्द्रह रोज से बिजनेस का स्थिति ठीक नहीं होने से हमारे पति ब्याज नहीं दे पा रहे थे। जिसके चलते शेषनाथ शाह और उसका पुत्र विशाल कुमार रोज मेरे घर पर आकर ब्याज देने के लिए दबाव बनाते थे। और धमकाते भी थे कि अगर ब्याज नहीं दोगे तो हम तुम्हें जान से मार देंगे। दिनांक 11-5-2022 को शेषनाथ शाह और विशाल कुमार ने हमारे पति को दुकान से बहला-फुसलाकर ले गए और एक बगीचे में ले जाकर बुरी तरह से पीटा और शराब में जहर देकर उसे पिला दिया।जब रात में वे घर पहुंचे तो उनका हाल बुरा था। स्थिति बिगड़ते देख परिवार वालों एवं अगल-बगल के लोगों ने काली बाग ओपी थाना ले आए जहां उपस्थित पुलिसकर्मियों ने इलाज के लिए जल्द हॉस्पिटल ले जाने की बात कही। परिजनों द्वारा तुरंत बेतिया जीएमसीएच अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। इस संदर्भ में काली बाग ओपी थाना के छोटा बाबू शिवचंद्र राय ने बताया मृतक के पत्नी के बयान पर एक एफ आई आर दर्ज किया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। हम स्पोर्ट वेरिफिकेशन भी करा रहे हैं। दोषी को बख्शा नहीं जाएगा वही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वही यह खबर सुनते ही पश्चिम करगहिया गांव के ग्रामीण एवं मृतक के परिजनों का अस्पताल में देखने के लिए हुजूम उमड़ पड़ा।

# लुम्बनी से कुशीनगर आयेंगे प्रधानमंत्री मोदी, महापरिनिर्वाण मन्दिर में टेकेंगे माथा



बीएनएम@ कुशीनगर

**युद्ध स्तर पर बनने लगे चार हेलीपैड लोनिवि बना रहा हेलीपैड**

कुशीनगर। बुद्ध पूर्णिमा के दिन 16 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लुम्बनी से कुशीनगर आयेंगे। प्रधानमंत्री महापरिनिर्वाण मन्दिर में बुद्ध की शयन मुद्रा वाली प्राचीन प्रतिमा के समक्ष माथा टेक पूजन-अर्चन करेंगे। पुनः सड़क मार्ग से एयरपोर्ट आकर दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय से मिनट टू मिनट कार्यक्रम का इंतजार यहां का जिला प्रशासन कर रहा है। हालांकि प्रशासन सभी सम्भावनाओं पर कार्य तेजी से कर रहा है। चर्चाएं व तैयारियों से प्रधानमंत्री के लुम्बनी से कुशीनगर आने के संकेत मिल रहे हैं। कुशीनगर में मैत्रेय की भूमि पर प्रधानमंत्री की हेलीकाप्टर फ्लीट के लिए चार हेलीपैड बनाए जाने का कार्य युद्धस्तर पर शुरु हो गया है। महापरिनिर्वाण मन्दिर में भी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने भी तैयारियां शुरु करा दी है। प्रधानमंत्री के आने जाने के मार्ग की साफ–सफाई व मरम्मत में कर्मचारियों की फौज लगाई गई है। प्रधानमंत्री म्यांमार बौद्ध विहार भी जाएंगे। मन्दिर में बौद्ध भिक्षु ज्ञानेश्वर प्रधानमंत्री की पूजा सम्पन्न कराएंगे। जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने गुरुवार को एयरपोर्ट पहुंच तैयारियां देखीं। एयरपोर्ट पर निदेशक अनिल कुमार द्विवेदी व प्रबन्धक सन्तोष मौर्य की देख रेख में तैयारियों को अंजाम दिया जा रहा है। एयरपोर्ट पर डीएम ने एसडीएम वरुण कुमार पांडेय को व्यवस्था को लेकर जरुरी निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल सुरक्षा तैयारियों को अमलीजामा पहनाने के लिए तैयारियों में लगे रहे। छह माह के भीतर प्रधानमंत्री के कुशीनगर आने का यह दूसरा अवसर है। पहले प्रधानमंत्री के कुशीनगर एयरपोर्ट पर आने व यहां से लुम्बनी जाने और पुनः एयरपोर्ट पर आ दिल्ली जाने का कार्यक्रम सम्भावित था। कुशीनगर में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर लोनिवि 30 वर्ग मीटर के व्यास वाला चार हेलीपैड बना रहा है। अवर अभियंता आरएन राव ने बताया कि चारों हेलीपैड दो दिन के अंदर बनकर तैयार हो जाएगा।

## NEWS IN BRIEF

### अनियंत्रित स्कार्पियो पेड़ से टकराई, बुजुर्ग की मौत

मुरादाबाद। मुरादाबाद के थाना छजलैट क्षेत्र में गुरुवार को अनियंत्रित स्कार्पियो पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हुए। हादसे के समय राजस्थान के अलवर का परिवार हरिद्वार जा रहा था। पुलिस के मुताबिक, राजस्थान के अलवर निवासी एक परिवार छह लोग स्पार्कियो कार में सवार होकर हरिद्वार गंगा नहाने जा रहे थे। गुरुवार शाम को छजलैट थानाक्षेत्र के लदावली गांव के पास से गुजर रही थी। इसी दौरान स्कॉर्पियो कार पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार (65 वर्ष) प्रेम चंद्र की मौत हो गई। जबकि कार सवार कंजोड़ दास, उनकी पत्नी रेखा, बेटी खुशी, बाबूलाल और हमेत घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल भिजवा दिया गया। थाना छजलैट एसओ राम प्रताप ने बताया कि राजस्थान अलवर निवासी यह परिवार हरिद्वार जा रहा था।

### मोटरसाइकिल और ट्रक की टक्कर में दो की मौत

बिजनौर। थाना किरतपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भनेड़ा और मोचीपुरा रोड पर एक मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेंडर की दूसरी तरफ से आ रहे ट्रक से दुर्घटना हो गई। जिससे मोटरसाइकिल सवार रामपाल (50 वर्ष) पुत्र सरजीत सिंह जाति हरिजन व उनकी पत्नी रामवती (45 वर्ष) पत्नी रामपाल निवासीगण ग्राम अकबरपुर चौंगावा थाना नजीबाबाद बिजनौर गंभीर रुप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी किरतपुर में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को हिरासत में लिया है।

# बेकाबू ट्रेलर ने सड़क पर मचाई तबाही, तीन की मौत, चार घायल

बीएनएम@महाराजगंज

महाराजगंज। जिले के फरेंदा थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक अनियंत्रित ट्रेलर ने सड़क पर तबाही मचाते हुए कई लोगों को टक्कर मार दी। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हो गए। घायलों को बनकटी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम को फरेंदा थाना क्षेत्र में एक ट्रेलर ने कोल्हुई निवासी अभिषेक उपाध्याय को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इससे बाद ट्रेलर का ड्राइवर तेज गति से गाड़ी को भागने लगा और दक्षिणी बाईपास पर पहुंचते ही अनियंत्रित हो गया और एक ढाबे में घुस गया, जहां राजकुमार साहनी पुत्र भगवती सोनी ग्राम अदरौना तथा धनुष यादव पुत्र बीरबल यादव निवासी बलिया की मौत हो गई। धनुष यादव एक प्राइवेट कंपनी में कार्यरत था।

# निर्माणाधीन गौशाला के कार्य में शिथिलता पर विधायक ने जताई नाराजगी

बीएनएम@फतेहपुर

फतेहपुर। जिले में गुरुवार को क्षेत्र की एक निर्माणाधीन गौशाला को ग्रामीणों की शिकायत पर क्षेत्रीय भाजपा विधायक व पूर्वमंत्री राजेन्द्र पटेल ने औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। मौके पर काम में शिथिलता पाये जाने पर विधायक ने ठेकेदार को चेतावनी देते हुए शीघ्र कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया। निर्माणाधीन गौशाला पहुंचे विधायक से ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए बताया कि नियत छह माह में काम को पूर्ण किया जाना था लेकिन अभी तक काम पूर्ण नहीं किया जा सका है। विकासखंड देवमई के ग्रामसभा भैसौली के मजरे बिसरौली में पूर्वमंत्री व जहानाबाद विधानसभा विधायक राजेंद्र पटेल ने निर्माणाधीन गौशाला का निरीक्षण किया। मौके पर प्रधान और ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर अगर नाले का निर्माण नहीं कराया गया तो गौशाला के पूरे मैदान में जलभराव हो जायेगा। विधायक ने खंड विकास अधिकारी देवमई सुषमा देवी को बुलाकर मौके का निरीक्षण करवाया और निर्देशित किया कि गौशाला में बरसात के पहले नाले का निर्माण हो जाना चाहिए। बता दें कि विधानसभा चुनाव के पूर्व दो गौशाले का उद्घाटन पूर्व विधायक जय कुमार जैकी ने किया था, जिसका निर्माण 6 माह के अंदर पूरा होना तय था। जहानाबाद विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल ने ठेकेदार को बुलाकर सख्त चेतावनी देते हुए कार्य को समय से पूर्ण करने के लिए निर्देश दिया।

# केरल से बड़ा नर्सिंग हब बनेगा उत्तर प्रदेश




बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। अब तक जहां डॉक्टर हमारी स्वास्थ्य प्रणाली में केंद्र की भूमिका में रहे हैं, वहीं नर्सों ने कोरोना महामारी में कंधे से कंधा मिलाकर स्वास्थ्य सेवाओं में अतुलनीय योगदान दिया है। सर्वाधिक आबादी वाले उत्तर प्रदेश राज्य में कोरोना काल में नर्सों और पैरामैडिकल स्टॉफ के विशेष योगदान के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई बार सार्वजनिक मंचों से उनकी प्रशंसा करते हुए उनके कार्यों के लिए आभार व्यरक्त किया है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को नर्सिंग क्षेत्र में अपना करियर बनाने वाले छात्र छात्रों के लिए बड़ी घोषणा की है। उत्तर प्रदेश में पिछले तीन दशकों से बंद पड़े राज्य सरकार के प्रशिक्षण संस्थानों के पुनर्संचालन की कार्ययोजना जल्दे ही तैयार की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आला अधिकारियों को एएनएम और जीएनएम के बेहतर प्रशिक्षण के लिए अवस्थापना सुविधाओं पर काम करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत प्रदेश में शुरुआत में 09 जीएनएम ट्रेनिंग स्कूल और 34 एएनएम प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन करने की तैयारी योगी सरकार ने कर ली है। योगी ने कहा कि हर संस्थान में मानकों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में पर्याप्त कुशल फैकल्टी हो इस बात का पूरा ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में भी इनके प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। सर्वाधिक आबादी वाले उत्तर प्रदेश में जीएनएम ट्रेनिंग स्कूल, एएनएम प्रशिक्षण केंद्रों के संचालन और प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में भी इनके प्रशिक्षण की व्यवस्था होने के बाद प्रदेश सबसे बड़ा नर्सिंग हब बनेगा। इस समय केरल में सबसे ज्याएदा नर्से हैं जो विदेशों में अपनी सेवा दे रहीं हैं। ऐसे में यूपी में जब सभी सुविधाएं होंगी तो यूपी इस सेक्टर में रोजगार देने में सक्षम तो होगा। वहीं विदेशों में भी यूपी की नर्सों का बोलबाला देखने को मिलेगा। डीजीएमई डॉ एनसी प्रजापति ने बताया कि चिकित्सा सुविधा बढ़ाने में नर्सों की अवश्यकता होती है। कोई भी संस्थापन सही ढंग से क्रियाशील तब होगा जब वहां मानव संसाधन पर्याप्ता मात्रा में हों। पिछली सरकारों ने इस विषय पर ध्यान नहीं दिया।

# पैसों के विवाद में भतीजे को गोली मारने वाला चाचा गिरफ्तार

बीएनएम@फिरोजाबाद।

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने बुधवार को एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त पर पैसों के लेन-देन को लेकर भतीजे पर जानलेवा हमले का आरोप है। पुलिस ने गुरुवार को खुलासा कर उसे जेल भेजा है। थाना रसूलपुर प्रभारी कमलेश सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गस्त पर थे। तभी उन्होंने सूचना पर अहमद उर्फ छोटू पुत्र सलीम उर्फ धम्मू निवासी अलीम की फैक्ट्री मौहल्ला हुसैनी थाना रसूलपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 10 मई को थाना रसूलपुर क्षेत्र के मौहल्ला हुसैनी निवासी साविर नईम कुरैशी (45) पुत्र अब्दुल नईम कुरैशी को गोली मार दी। जिससे वह घायल हो गया था। इस घटना की रिपोर्ट मृतक के भाई निकहत नईम कुरैशी ने थाने में मुदस्सिर पुत्र आफताब, अहमद उर्फ छोटू पुत्र सलीम उर्फ धम्मू निवासी अलीम की फैक्ट्री मौहल्ला हुसैनी थाना रसूलपुर व 2 अज्ञात के खिलाफ दर्ज करायी थी। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा व कारतूस बरामद किये हैं।




## श्रीलंका संकट में क्यों फंसा

श्रीलंका में जो हो रहा है, भयावह है। केवल वहां के नागरिकों के लिए यह महा विपत्ति काल नहीं है, बल्कि हमारे लिए भी एक सबक है। किसी देश में जब घनघोर परिवारवाद हो, सत्ता में आने या बने रहने के लिए अर्थव्यवस्था के नियमों को ताक पर रखकर सिर्फ लोकलुभावन नीतियां बनें, जब राष्ट्रीय सुरक्षा को ताक पर रखकर सत्ता में बैठे लोग अपने हितों की चिंता करें और जो शासक दुश्मन और दोस्त में फर्क ना समझ पाए तो वह श्रीलंका हो जाता है। भारत के दक्षिणी छोर पर बसे द्वीप श्रीलंका के सामने ईंधन, भोजन, दवा, घर की अन्य सभी आवश्यक वस्तुओं का संकट है। पेट्रोल-डीजल मिल नहीं रहे। पेट्रोल पंपों पर सेना तैनात कर दी गई है। 13 घंटे की लंबी बिजली कटौती हो रही है, सार्वजनिक परिवहन समय से चल नहीं रहे हैं। त्यागपत्र दे चुके, प्रधानमंत्री अपनी जान बचाने के लिए श्रीलंका नेवी के बंकर में छुपे हुए हैं। पूरे श्रीलंका में व्यापक सामाजिक अशांति फैली हुई है। श्रीलंका की समस्या बहुत गहरी है और इसका हल फिलहाल नजर नहीं आ रहा है। आखिर श्रीलंका इस बुरी स्थिति में पहुंचा कैसे। यह संकट रातों रात वहीं नहीं उत्पन्न हुआ। पिछले तीन साल से श्रीलंका आर्थिक संकट की ओर लगातार बढ़ता आ रहा था, लेकिन समय पर स्थिति संभालने के बजाय मौजूदा शासकों ने इसे गटर में जाने दिया। पर्यटन उद्योग पर मुख्य रुप से आश्रित श्रीलंका को यह मालूम था कि कोविड 19 के बाद दुनिया बंद कर दी गई है, इसलिए जरुरी था कि वह अपनी आय के अन्य स्त्रोतों पर काम करे, लेकिन श्रीलंका ने काम के बजाय कर्ज का रास्ता, वह भी मुख्य रुप से चीन से कर्ज के रास्ते को चुना। श्रीलंका के आय के स्त्रोत खत्म हो रहे थे और कर्जों पर ब्याज एवं आयात के खर्च बढ़ रहे थे। देश का विदेशी मुद्रा भंडार खाली होता गया और जरुरी सामान के आयात के लिए भी विदेशी मुद्रा मिलना बंद होने लगा। श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार वर्ष 2019 के अंत में 7.9 अरब डॉलर था जो मार्च 2022 में घटकर 1.9 अरब डॉलर रह गया।

## भगवान बुद्ध और सनातन दर्शन के अन्तर्सम्बन्ध

**गिरीश जोशी**



भगवान बुद्ध और बौद्ध पंथ के विषय में अनेक विमर्शों के माध्यम से सनातन और बौद्ध दर्शन के बीच मतभिन्नता का अस्तित्व खड़ा किया गया है। इस विमर्श से हटकर एक अलग दृष्टिकोण से भगवान बुद्ध और सनातन दर्शन के अन्तर्सम्बन्धों को देखने का प्रयास करते हैं। भारत देश की विशेषता है, जब-जब समाज धर्माचरण के मार्ग से विचलित हो जाता है, सनातन के शाश्वत सिद्धांतों की समाज को विस्मृति हो जाती है, समय काल परिस्थितिवश सामाजिक व्यवस्था में धर्म का त्रुटिपूर्ण विवेचन होने लगता है इस कारण से विभिन्न प्रकार की जटिल समस्याएँ सामाजिक जीवन में व्याप्त हो जाती है, तब-तब इन व्यवस्थाओं को ठीक करने के लिए उच्चस्तर की चेतना का धरती पर अवतरण होता है। इस प्रकार अवतरित हुई चेतनाओं को ही अपने यहां अवतार कहा गया है। सृष्टि परिचालन की व्यवस्था के बारे में सनातन दृष्टि में ब्रह्मा-सृजन, शिव-विसर्जन और विष्णु पालन का काम करते हैं। जिसके पास व्यवस्थाओं के संचालन का काम होता है उसे ही व्यवस्थाओं में आने वाली गड़बड़ी को ठीक करने का भी दायित्व वहन करना पड़ता है। इसलिए जब भी व्यवस्था तंत्र में किसी प्रकार के सुधार की आवश्यकता होती है उस समस्या की प्रकृति के अनुसार उसे ठीक करने के लिए भगवान विष्णु एक अलग अवतार में विलक्षण दृष्टिकोण के साथ हमारे मध्य उपस्थित होते हैं। भगवान बुद्ध की मूल चेतना को आद्य शंकराचार्यजी ने पहचाना था। इसलिए उन्होंने भगवान बुद्ध को दशावतार में एक अवतार माना है। भगवान बुद्ध की उच्चस्तरीय चेतना को आचार्य शंकर ही पहचान सकते थे। यहाँ हम बौद्ध दर्शन और सनातन परंपराओं के बीच किस प्रकार का संबंध है, उसका विचार करेंगे। भगवान बुद्ध द्वारा प्रवर्तित मार्ग में त्रिरत्न बुद्ध, धर्म और संघ, दिए गए हैं। सनातन में भी तीन योगों का प्रावधान है- कर्म योग, भक्ति योग एवं ज्ञान योग। बुद्ध दर्शन में चार आर्य सत्य हैं। आर्य सनातन परंपरा का गुणवाचक विशेषण है। सनातन में धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष चार पुरुषार्थ हैं। बुद्ध दर्शन में पंचशील है-1.झूठ न बोलना 2. हिंसा न करना 3. चोरी न करना 4. व्यभिचार न करना 5. नशा न करना। सनातन परंपरा में पाँच यम है- सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य अपरिग्रह। भगवान बुद्ध ने अष्टांग मार्ग सम्यक्दृष्टि, सम्यक्, सम्यक्वचन, सम्यक्कर्म, सम्यक्आजीविका, सम्यक्व्यायाम, सम्यक्स्मृति और सम्यक्समाधि का प्रवर्तन किया । सनातन परंपरा में यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा और समाधि अष्टांग योग के माध्यम से सत्य को जानने का मार्ग बतलाया गया है। दोनों मार्गों का लक्ष्य समाधि ही है। सनातन परंपरा में साधना के लिए चार साधन चतुष्टय- नित्यानित्यवस्तुविवेक,वैराग्य, षट्सम्पत्ति का अर्जन तथा मुमुक्षता और छः संपत्ति -शम, दम, श्रद्धा, समाधान,उपरति और तितिक्षा कुल दस बातों का साधक में होना जरुरी बताया गया है तो बौद्ध दर्शन में दस परिमिताएं - दान, शील, नैष्क्रम्य, प्रज्ञा, वीर्य, शांति, सत्य, अधिष्ठान, मैत्री और उपेक्षा को आवश्यक बताया गया है। भगवान बुद्ध ने अपने जीवनकाल में कभी वेदों का विरोध नहीं किया लेकिन उस समय वे लोग जो वेदों का त्रुटिपूर्ण प्रतिपादन कर मनमाने कर्म जैसे हिंसा तथा पशुबलि जैसी कुप्रथा मे लिप्त हो गए थे उनका विरोध किया था। भगवान बुद्ध की संकलित वाणी सुत्तनपात 292 में लिखा- "विद्वा च वेदेहि समेच्च च धम्मं, न उच्चावचं गच्छति भूपरिपञ्ञे।

**(लेखक माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में सहायक कुलसचिव हैं।)**

Today's Opinion

## सूचना के अधिकार कानून से बाहर हो सेना



**आर.के. सिन्हा**

जरा एक बात पर गौर करें कि सूचना के अधिकार की आड़ में भारतीय सेना की तैयारियों को लेकर कुछ खास तत्वों में उत्सुकता किसलिए हो सकती है? क्या सेना के कामकाज की जानकारियां सार्वजनिक करनी चाहिए? सेना से संबंधित जानकारियां सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत सेना की विभिन्न इकाइयों, एजेंसियों तथा छावनियों से मांगने वाले कौन लोग हैं? ये तमाम सवाल इसलिए अहम हो जाते हैं क्योंकि इधर देखने में आ रहा है कि कुछ तत्व सेना की अति संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण जानकारियों को हासिल करने में भी दिलचस्पी लेने लगे हैं। इन सब वजहों से सेना का तंत्र भी चौकन्ना हो गया। वह सारी स्थिति पर नजर रख रहा है। उसकी तरफ से हाल ही में यह भी मांग हुई है कि सेना को आरटीआई कानून से बाहर रखा जाए। ये मांग सच में बहुत ही सार्थक है तथा संकेत दे रही कि मामला कितना गंभीर है। पिछली 28 अप्रैल को केन्द्रीय कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में इस बात पर गंभीर चिंता जताई गई कि आरटीआई के नाम पर सेना की अहम जानकारियां मांगी जा रही हैं। यह बैठक सेनाध्यक्ष मनोज मुकुंद नरवणे के रिटायर होने से दो दिन पहले हुई थी। सेना की तरफ से उपर्युक्त मांग को लेकर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। इस पर सरकार को देश की आंतरिक सुरक्षा तथा सेना के कामकाज को गुप्त रखने के अधिकार के आलोक में निर्णय लेना होगा। निश्चय ही देश के नागरिकों को आरटीआई कानून के तहत सूचना पाने के अधिकारों की सीमाएं हैं। सूचना अधिकार के द्वारा राष्ट्र अपने नागरिकों को, अपने कार्य को और शासन प्रणाली को सार्वजनिक करता है। लोकतंत्र में देश की जनता अपनी चुनी हुए व्यक्ति को शासन करने का अवसर प्रदान करती है और यह अपेक्षा करती है कि सरकार पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का पालन करेगी। लेकिन जनता को यह अधिकार तो कतई नहीं दिया जा सकता कि वह देश की सुरक्षा और शत्रु का मुकाबला के लिए की जा रही तैयारियों की ही जानकारियां मांगने लगे। जाहिर है, ये सब वे शातिर लोग करते हैं जिनके इरादे नेक नहीं होते। ये कौन नहीं जानता कि हमारे यहां सेना की जासूसी करने वाले जयचंद और मीर जाफर भी जगह-जगह मौजूद हैं। इनमें सेना के अंदर ही छिपे कुछ गद्दारों से लेकर कुछ तथाकथित पत्रकार आदि शामिल हैं। ये आरटीआई के माध्यम से धीरे-धीरे सूचनाएं निकालने की जुगाड़ में लगे रहते हैं। इन्हें अपने आकाओं से मोटा पैसा जो मिलता है। इसलिए ये अपनी मातृभूमि का भी सौदा करने से पीछे नहीं हटते। इनका जमीर मर चुका है। इसलिए यह जायज मांग तो ये भी हो रही है कि इंटेलिजेंस ब्यूरों, रॉ, नेशनल सिक्युरिटी गाड्र्स (एनएसजी), सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय सुरक्षा बल पुलिस जैसे कुछ और सरकारी विभागों को आरटीआई के दायरे से बाहर कर दिया जाए या फिर यहां से सूचनाएं प्राप्त करने की सीमा तय कर दी जायें। मतलब सिर्फ इन विभागों से जुड़े रहे मुलाजिम इनसे अपनी पेंशन और नौकरी संबंधी जानकारियां आदि ले लें। आपको याद ही होगा कि पिछले साल चीन के लिए जासूसी करने के आरोप में राजधानी के एक कथित वरिष्ठ पत्रकार राजीव शर्मा को पकड़ लिया गया था। राजीव शर्मा के बारे में पता चला था कि वह आरटीआई से जानकारियां निकाल कर चीन को सप्लाई करता था। उसे 'ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट' (ओएसएस) के तहत गिरफ्तार किया गया था। उसने सेना से जुड़े कई राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील सूचनाओं वाले दस्तावेज चीन को दिए थे। चीन को संवेदनशील सूचनाएं उपलब्ध कराने की एवज में उसे मोटी रकम मिलती थी। दरअसल एक बेहद शानदार कानून का कुछ शातिर तत्व दुरुपयोग करने लगे हैं। इसलिए ही देश के उच्चतम न्यायालय ने दिसंबर, 2019 को कहा था कि "आरटीआई का दुरुपयोग रोकने और इसके माध्यम से 'आपराधिक धमकी' पर रोकथाम के लिए सूचना का अधिकार कानून के लिए दिशा-निर्देश बनाने की जरुरत है।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796, प्रसार:-9470050309
ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# राज्यसभा की 57 सीटों के लिए 10 जून को होगा मतदान, 24 मई को अधिसूचना जारी होगी



बीएनएम@

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने गुरुवार को 15 राज्यों की 57 राज्यसभा सीटों पर होने वाले द्विवार्षिक चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इन सभी सीटों के लिए 10 जून (शुक्रवार) को मतदान होगा और उसी दिन नतीजे आएंगे। इस सीटों से सेवानिवृत्त होने वालों में केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, कांग्रेस नेता अंबिका सोनी, पी चिदंबरम, जयराम रमेश और कपिल सिब्बल और बसपा के सतीश चंद्र मिश्रा प्रमुख हैं। चुनाव आयोग के अनुसार आंध्र प्रदेश से चार, तेलंगाना से दो, छत्तीसगढ़ से दो, मध्य प्रदेश से तीन, तमिलनाडु से छह, कर्नाटक से चार, ओडिशा से तीन, महाराष्ट्र से छह, पंजाब से दो, राजस्थान से चार, उत्तर प्रदेश से 11, उत्तराखंड से एक, बिहार से पांच, झारखंड से दो और हरियाणा से दो सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इन सभी सीटों के लिए 24 मई को अधिसूचना जारी होगी। 10 जून को मतदान होगा। जूलाई एवं अगस्त में जिन राज्यसभा सदस्यों को कार्यकाल समाप्त हो रहा है उनके नाम इस प्रकार हैं- आंध्र प्रदेश से प्रभु सुरेश प्रभाकर, टी.जी. वेंकटेश, यलमंचिली सत्यनारायण चौधरी, वेणुंबका विजय साई रेड्डी, तेलंगाना से लक्ष्मीकांत राव, श्रीनिवास धर्मपुरी; छत्तीसगढ़ से छाया वर्मा, रामविचार नेताम, मध्य प्रदेश से विवेक तन्खा, मोबशर जावेद अकबर, संपतिया उइके, तमिलनाडु सो टी.के.एस. एलंगोवन, ए नवनीतकृष्णन, आर.एस. भारती, एस.आर. बालासुब्रमण्यम, ए विजयकुमार, के.आर.एन. राजेशकुमार, कर्नाटक के.सी. राममूर्ति, जयराम रमेश, ऑस्कर फर्नांडीस (13.09.2021 से रिक्त), निर्मला सीतारमण; ओडिशा से नेकांति भास्कर राव, प्रसन्ना आचार्य, सस्मित पात्रा; महाराष्ट्र से पीयूष गोयल, पी चिदंबरम, प्रफुल्ल पटेल, विकास हरिभाऊ महात्मे, संजय राउत, विनय सहस्त्रबुद्धे; पंजाब से अंबिका सोनी, बलविंदर सिंह; राजस्थान से ओमप्रकाश माथुर, अल्फोंस कन्ननथनम, रामकुमार वर्मा, हर्षवर्धन सिंह डूंगरपुर; उत्तर प्रदेश से रेवती रमन सिंह, सुखराम सिंह, सैयद जफर इस्लाम, विशंभर प्रसाद निषाद, कपिल सिब्बल, अशोक सिद्धार्थ, जय प्रकाश, शिव प्रताप, सतीश चंद्र मिश्र, संजय सेठ, सुरेंद्र सिंह नागर; उत्तराखंड से प्रदीप टम्टा; बिहार से गोपाल नारायण सिंह, सतीश चंद्र दुबे, मीसा भारती, रामचंद्र प्रसाद सिंह, शरद यादव (04.12.2017 से रिक्त); झारखंड से महेश पोद्दार, मुख्तार अब्बास नकवी; हरियाणा से दुष्यंत गौतम, सुभाष चंद्र।

## NEWS IN BRIEF

### राजीव कुमार होंगे अगले मुख्य चुनाव आयुक्त, 15 मई को संभालेंगे कार्यभार

नई दिल्ली। चुनाव आयुक्त राजीव कुमार अगले मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे। वह 14 मई को सेवानिवृत्त होने जा रहे सुशील चन्द्रा का स्थान लेंगे। राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने उनके नाम को मंजूरी दे दी है। केन्द्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने राजीव कुमार को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने संविधान के अनुच्छेद 324 के खंड (2) के अनुसरण में राजीव कुमार को 15 मई, 2022 से मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया है। राजीव कुमार ने 1 सितंबर 2020 को चुनाव आयोग में चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला था। चुनाव आयोग में कार्यभार संभालने से पहले राजीव कुमार लोक उद्यम चयन बोर्ड के अध्यक्ष रह चुके हैं। राजीव कुमार 1984 बैच के बिहार/झारखंड कैडर की भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी हैं। फरवरी 2020 में वह प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त हुए थे।

### प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. रमाकांत शुक्ल के निधन पर जताया दुख

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संस्कृत और हिन्दी साहित्य में अमूल्य योगदान देने वाले डॉ. रमाकांत शुक्ल के निधन पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर कहा, "संस्कृत और हिन्दी साहित्य जगत में अमूल्य योगदान देने वाले डॉ. रमाकांत शुक्ल जी के देहावसान से अत्यंत दुख हुआ है। शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों और प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।" पद्मश्री से सम्मानित डॉ. रमाकांत शुक्ल का बुधवार को निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे।

# प्रतिदिन 50 किमी की रिकॉर्ड गति से सड़क निर्माण का लक्ष्य: गडकरी

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि वर्ष 2022-23 में प्रतिदिन 50 किमी की रिकॉर्ड गति से 18 हजार किमी राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण का लक्ष्य है। केन्द्रीय मंत्री ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए देश भर में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। कुल मिलाकर वर्ष 2025 तक 2 लाख किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क विकसित करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि विश्व स्तरीय सड़कें आत्मनिर्भर भारत की 'आत्मा' हैं। इसके लिए जरूरी है कि समयबद्ध और लक्ष्य केन्द्रित निर्माण किया जाए। उल्लेखनीय है कि मंत्रालय ने 2021-22 में प्रति दिन 40 किमी निर्माण लक्ष्य निर्धारित किया था।

# सीए का खुलासा, बरामद अधिकांश नगदी आईएएस पूजा सिंघल की


बीएनएम@रांची

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) की रिमांड में सीए सुमन कुमार सिंह ने कई खुलासे किए हैं। ईडी को सुमन सिंह ने पूछताछ में बताया है कि उनके घर से बरामद अधिकांश नकद राशि आईएएस पूजा सिंघल की है, जो उनके निर्देश पर एकत्रित की गई थी। सीए ने बताया है कि पूजा सिंघल के निर्देश पर उनके परिवार के स्वामित्व वाले पल्स अस्पताल की जमीन खरीदने के लिए एक प्रसिद्ध बिल्डर को तीन करोड़ नकद दिए गये थे। पूजा सिंघल ने पल्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के महत्वपूर्ण मामलों जैसे निर्माण और प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारी भुगतान आमतौर पर नकद में प्राप्त किया गया था। ईडी ने सीए सुमन सिंह की रिमांड अवधि खत्म होने के बाद अदालत को बताते हुए उन्हें दोबारा रिमांड पर लिया है। ईडी ने अदालत को सूचित किया है कि उनके पास यह मानने का कारण हैं कि पूजा सिंघल मनी लॉन्ड्रिंग की गतिविधियों में शामिल हैं। इसके अलावा खूंटी के मनरेगा घोटाले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय ने कोर्ट को बताया कि कुछ अभियुक्तों ने अपने बयान में कहा है कि उन्होंने अभियुक्त जूनियर इंजीनियर राम विनोद प्रसाद सिन्हा को पूजा सिंघल को नगद देते हुए 4 बार देखा था। वहीं, एक अन्य ने कहा कि पूजा सिंघल के कहने पर वह राम विनोद सिन्हा से रुपयों से भरा बैग लेता था और पूजा सिंघल को पहुंचाता था, उस बैग में ताला लगा होता था।

# प्रधानमंत्री 16 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर लुंबिनी, नेपाल जायेंगे

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के निमंत्रण पर लुंबिनी की आधिकारिक यात्रा पर जायेंगे। यह प्रधानमंत्री की 2014 के बाद पांचवीं नेपाल यात्रा होगी। इस दौरान दोनों प्रधानमंत्री एक द्विपक्षीय बैठक में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार लुंबिनी में प्रधानमंत्री पवित्र मायादेवी मंदिर में पूजा-अर्चना करने जाएंगे। प्रधानमंत्री नेपाल सरकार के तत्वावधान में लुंबिनी डेवलपमेंट ट्रस्ट द्वारा आयोजित बुद्ध जयंती कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। लुंबिनी मठ क्षेत्र के भीतर अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी), नई दिल्ली से संबंधित एक भूखंड में प्रधान मंत्री अलग से बौद्ध संस्कृति और विरासत के लिए एक केंद्र के निर्माण के "शिलान्यास" समारोह में भाग लेंगे। मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा देश की नेबरहुड फर्स्ट की नीति को आगे बढ़ाने के लिए भारत और नेपाल के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा का हिस्सा है।



# .यूपी बन रहा आईटी और इलेक्ट्रानिक का हब



बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच और नीतियों की वजह से उत्तर प्रदेश बीमारु राज्य की श्रेणी से निकल कर आईटी और इलेक्ट्रानिक का हब बन रहा है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-03 (जीबीसी-03) में आईटी और इलेक्ट्रानिक विभाग के सबसे ज्यादा 20 हजार करोड़ के 14 प्रोजेक्ट का भूमि पूजन होने वाला है। खास बात यह है कि जीबीसी-03 के टॉप टेन प्रोजेक्ट में छह प्रोजेक्ट आईटी और इलेक्ट्रानिक विभाग के हैं। मुख्यमंत्री योगी ने पिछले कार्यकाल में आईटी और इलेक्ट्रानिक के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के लिए अधिकारियों को नीतियां बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद औद्योगिक एवं अवस्थापना विभाग ने उत्तर प्रदेश आईटी और स्टार्टअप नीति 2017, उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण नीति 2017, उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण नीति 2020, उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति 2020 और उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर नीति 2021 बनाई थी। पिछले पांच साल में प्रदेश में आईटी और इलेक्ट्रानिक के क्षेत्र में 45 हजार करोड़ रुपये के निवेश से 65 परियोजनाएं लगी हैं। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से दो लाख 66 हजार 413 युवाओं को रोजगार मिला है। अब विभाग की ओर से अगले छह महीने में इन नीतियों का संशोधन किया जाएगा। जीबीसी-03 में टॉप टेन प्रोजेक्ट में पहले नंबर पर एनआईडीपी प्राइवेट लिमिटेड हीरानंदानी ग्रुप 9134 करोड़ से ग्रेटर नोएडा में डेटा सेंटर बना रहा है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गौतमबुद्धनगर में 17 हजार करोड़ के कुल चार डेटा सेंटर लग रहे हैं। नोएडा में 2186 करोड़ रुपये की लागत से माइक्रो साफ्ट आईटी में निवेश कर रही है। भाजपा के लोक कल्याण संकल्प पत्र में भी प्रदेश में तीन डाटा सेंटर पार्क की स्थापना का लक्ष्य है। सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश आईटी और स्टार्टअप नीति 2017 के तहत पिछले पांच सालों में करीब 5642 करोड़ रुपए का निवेश आया है। लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022 में प्रदेश के हर मंडल में एक आईटी पार्क की स्थापना का लक्ष्य है।

# खुफिया की चेतावनी, हार की स्थिति में पुतिन कर सकते हैं परमाणु हथियार का इस्तेमाल



बीएनएम@वाशिंगटन/कीव

वाशिंगटन/कीव। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में हार की स्थिति में और अपने सत्ता पर खतरा देख संभावित रुप से परमाणु हथियार का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह चेतावनी एक शीर्ष अमेरिकी खुफिया अधिकारी ने दी है। दुनिया भर में खतरों पर सीनेट को ब्रीफिंग करने वाले खुफिया प्रमुखों के आकलन में यह चेतावनी आई थी। नेशनल इंटेलिजेंस की निदेशक एवरिल हेन्स ने सीनेट की सशस्त्र सेवा समिति को बताया कि पुतिन रूस के परमाणु शस्त्रागार का उपयोग यूक्रेन के लिए और अमेरिका एवं उसके सहयोगियों को समर्थन प्रदान करने से रोकने के प्रयास में जारी रखेंगे। हेन्स ने तर्क दिया कि रूसी नेता परमाणु हथियार का उपयोग तब तक नहीं करेंगे, जब तक कि वह रूस या उनके शासन के लिए एक संभावित खतरा नहीं देख लेते। उन्होंने कहा कि वह यूक्रेन में हार की संभावना को इस तरह के खतरे के रूप में देख सकते हैं।

**यूक्रेन नाटो में शामिल रहता तो रूस नहीं करता हमला : जेलेंस्की**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि अगर उनका देश पहले से नाटो समूह में होता तो रूस का हमला नहीं होता। फ्रेंच यूनिवर्सिटी के छात्रों से ऑनलाइन बात करते हुए जेलेंस्की ने कहा कि अगर यूक्रेन युद्ध से पहले नाटो का हिस्सा होता तो कोई हमला नहीं होता।

**केमिकल प्लांटों पर हमले का अंदेशा**

यूक्रेनी सेना ने चेतावनी दी है कि रूस की सेना देश के केमिकल प्लांटों को निशाना बना सकती है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने यह अंदेशा ऐसे समय जताया है, जब रूसी बमबारी में यूक्रेनी तेल भंडारों और अन्य औद्योगिक स्थलों को निशाना गया है।

**जर्मनी ने कीव में अपना दूतावास फिर खोला**

रिपोर्ट के मुताबिक रूसी आक्रमण के बाद जर्मनी ने कीव में बंद अपने दूतावास को फिर से खोल दिया है। जर्मन विदेश मंत्री एन्नालेना बारबोक ने मंगलवार को कहा कि उनका देश यूक्रेन का साथ देगा। दो महीने पहले लड़ाई शुरु होने के बाद यूक्रेन की यात्रा पर जाने वाली वह पहली जर्मन मंत्री हैं। उन्होंने कहा कि जब युद्ध अपराध की जांच एवं उसे लेकर मुकदमा चलाने की बारी आएगी तब भी जर्मनी यूक्रेन के साथ रहेगा।

## NEWS IN BRIEF

### संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भारत की चिंता

जेनेवा। यूक्रेन संकट को लेकर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के विशेष सत्र में भारत ने लगातार जारी यूक्रेन-रूस युद्ध को लेकर चिंता जाहिर की है। भारत ने कहा है कि इस युद्ध से पूरी दुनिया प्रभावित है और यह युद्ध तुरंत रुकना चाहिए। गुरुवार को यूक्रेन में लगातार जारी युद्ध को लेकर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद का विशेष सत्र आहूत किया गया था। इस सत्र में भारत ने एक बार फिर अपने पुराने रुख पर कायम रहते हुए साफ कहा कि यूक्रेन संघर्ष पर भारत की स्थिति दृढ़ और सुसंगत रही है। यूक्रेन से लगातार आ रही सूचनाओं और सामने आ रही घटनाओं को लेकर भारत बहुत चिंतित है। भारत हमेशा हिंसा की तत्काल समाप्ति के पक्ष में रहा है और शत्रुता को खत्म करने का आह्वान किया है। विशेष सत्र के दौरान भारत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वैश्विक नेताओं के साथ अपनी वार्ताओं के दौरान इसे दोहरा चुके हैं, इनमें रूसी संघ और यूक्रेन भी शामिल हैं। भारत का मानना है कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष का बेहद खराब प्रभाव महिलाओं और बच्चों पर पड़ा है।

बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों को यूक्रेन के आसपास के देशों में शरण लेनी पड़ी है जबकि अपने ही देश में विस्थापन को मजबूर महिलाओं और बच्चों की संख्या भी कम नहीं है। भारत की ओर से कहा गया कि यूक्रेन को दवाओं और अन्य राहत सामग्री के साथ मानवीय मदद भारत की ओर से भेजी गयी है और यह काम लगातार चल रहा है। रूस-यूक्रेन संघर्ष का असर क्षेत्र से बाहर भी पड़ा है। तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं।

## टेकऑफ के समय रनवे से उतरा तिब्बत एयरलाइंस का विमान

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। चीन के चोंगकिंग जियांगबेई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार सुबह करीब 6 बजे तिब्बत एयरलाइंस का यात्री विमान रनवे से उतर गया जिसके बाद उसमें भीषण आग लग गई। हालांकि भारी अफरातफरी के बीच विमान में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। तिब्बत एयरलाइंस का विमान टीवी9833 तिब्बत के निंगची के लिए रवाना होने जा रहा था कि रनवे से उतर गया। इस विमान में 113 यात्री और नौ चालक दल के सदस्य सवार थे। रनवे से उतरने के बाद विमान के अगले हिस्से में भीषण आग की लपटें उठनी शुरु हो गई और काला धुआं निकलता दिखा। आनन-फानन में विमान के पिछले दरवाजे से सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया। करीब 40 लोगों को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें अस्पतालों में भेजा गया है।

## महिंदा राजपक्षे सहित 12 नेताओं के देश छोड़ने पर रोक, इसी सप्ताह नए प्रधानमंत्री

बीएनएम@कोलंबो)

कोलंबो। श्रीलंका में आर्थिक व राजनीतिक संकट के बीच अशांति थमने का नाम नहीं ले रही है। जान बचाने के लिए नौसेना के एक अड्डे पर छिपे पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग हो रही है, वहीं राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने इसी सप्ताह नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति का एलान किया है। इस बीच श्रीलंका की एक अदालत ने महिंदा राजपक्षे और उनकी पार्टी के 12 अन्य नेताओं के देश छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है। श्रीलंका में पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के इस्तीफे के बाद से भड़की हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। पूरे देश में इस समय सरकार के खिलाफ व्यापक प्रदर्शन हो रहे हैं। संकट के बीच प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले महिंदा राजपक्षे अपने करीबियों पर हमले के मद्देनजर एक नौसेना अड्डे पर सुरक्षा घेरे में हैं। इस बीच श्रीलंका में महिंदा राजपक्षे को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग होने लगी है। विपक्षी दल भी उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। इतने हंगामे के बावजूद श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे पद छोड़ने से इनकार कर चुके हैं। हालांकि, गुरुवार को ट्वीट्स के जरिए उन्होंने श्रीलंका में शांति लाने के तरीकों का जिक्र किया। इसमें उन्होंने संविधान में संशोधन के साथ विपक्ष के साथ अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा करने का भी वादा किया।

## कोरोना का पहला मामला आते ही उत्तर कोरिया में आपातकाल

बीएनएम@प्योंगयांग

प्योंगयांग। पूरी दुनिया में कोरोना संक्रमण की त्रासदी के बाद अब उत्तर कोरिया में भी कोरोना का पहला मामला सामने आया है। उत्तर कोरिया में कोरोना का पहला मामला सामने आते ही राष्ट्रीय आपातकाल का ऐलान कर दिया गया है। साथ ही पूरे देश में लॉकडाउन भी घोषित कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को उत्तर कोरिया में कोराना का पहला मामला सामने आया है। कोरोना संक्रमित मरीज में कोरोना के ओमिक्रॉन प्रारूप की पुष्टि हुई है। अधिकारियों के मुताबिक उक्त व्यक्ति कई दिनों से तेज बुखार से पीड़ित था। कोरोना के लक्षणों के मद्देनजर जांच के बात पता चला कि वह कोरोना के ओमिक्रॉन प्रारुप की चपेट में है। कोरोना के पहले मरीज की जानकारी सामने आते ही उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने पूरे देश में लॉकडाउन की घोषणा कर दी है। साथ ही पूरे देश में राष्ट्रीय आपातकाल का ऐलान भी कर दिया गया है। कोरोना का पहला मामला सामने आने के बाद किम जोंग उन ने अधिकारियों के साथ बैठक की।




## रूसी सेना को पीछे ढकेल रहे हैं यूक्रेन के जवान



बीएनएम@कीव

कीव। रूस को खार्किव में कब्जे के बाद मंगलवार से लगातार पीछे हटना पड़ रहा है। यूक्रेन की सेना को बुधवार को अपने दो गांव रूसी कब्जे से छीनने में सफलता मिली है। रूस की सीमा से 50 किलोमीटर दूर यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्कीव पर कब्जे की लड़ाई फरवरी से जारी है लेकिन दो महीने से ज्यादा की भीषण लड़ाई में रूसी सेना को सफलता नहीं मिली है। इस बीच यूक्रेन ने डोनबास में रुस से होकर यूरोप को जाने वाली गैस पाइपलाइन की आपूर्ति रोक दी है। रूसी सेना को कड़ी टक्कर दे रही यूक्रेन की सेना अब रूसी सेना को उसके ठिकानों से धकेल कर पीछे भेज रही है। बीते 24 घंटे में यूक्रेन की सेना ने खार्कीव के पूर्व में स्थित विहिव्का और रुबीझेन गांव रूसी सेना से छीन लिए हैं। इतना ही नहीं यूक्रेनी सैनिक रूसी सेना की आपूर्ति व्यवस्था पर भी हमले कर रहे हैं। ये हमले रूसी सीमा के भीतर तक हो रहे हैं। आपूर्ति व्यवस्था पर हमला कर और कड़े प्रतिरोध करके यूक्रेनी सेना ने रूसी सेना को कीव पर कब्जा नहीं करने दिया था। कम संसाधनों वाली यूक्रेनी सेना अपनी रणनीतिक कौशल से रूसी सेना के लिए लगातार मुश्किलें खड़ी कर रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि खार्कीव क्षेत्र में उनकी सेना भारी पड़ रही है।

**दो गांव रूसी कब्जे से छीने**

डोनबास में रुस समर्थित विद्रोहियों के इलाके से होकर जा रही रूसी गैस पाइपलाइन को भी यूक्रेन ने रोक दिया है। करीब 11 हफ्ते से जारी युद्ध में ऐसा पहली बार हुआ है कि यूक्रेन ने यूरोप जा रही रूसी गैस को रोका हो। यूरोप को रूसी गैस और तेल आपूर्ति होने से रुस की आर्थिक स्थिति पर ज्यादा असर नहीं पड़ा है जबकि युद्ध के चलते यूक्रेन की अर्थव्यवस्था तबाह हो चुकी है। इस बीच यूक्रेन के शहर खेरसान पर करीब दो महीने से कब्जा किए रुस ने कहा है कि रुस में शामिल होने का फैसला शहरवासियों को करना है। वे चाहेंगे तो उन्हें रुस का नागरिक बनाने पर विचार होगा। इसके लिए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करनी होगी। मारियुपोल में यूक्रेनी सैनिकों और विदेशी लड़ाकों के कब्जे वाली अजोवस्टाल स्टील फैक्टरी पर रुसी सेना के हमले जारी हैं।

# गोवा, चेन्नइयन ने जीत के साथ किया आरएफडीएल में अपना सफर समाप्त




बीएनएम@गोवा

गोवा। एफसी गोवा और चेन्नइयन एफसी ने बुधवार को जीत के साथ रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग (आरएफडीएल) में अपने सफर का समापन किया। गोवा ने जहां रिलायंस फाउंडेशन यंग चैंप्स को अंतिम राउंड के मैच में 2-0 से हराया वहीं चेन्नइयन ने मुम्बई सिटी एफसी को 3-2 से अंतर से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। मुम्बई सिटी एफसी का खाता हालांकि नहीं खुल सका। गोवा और रिलायंस यंग चैंप्स के बीच खेला गया मैच पहले हाफ में गोलरहित रहा। इस दौरान हालांकि गोवा की टीम कुछ मौकों पर लीड लेने के करीब आई लेकिन वह चूक गया। रायान मेनेंजेस का एक शॉट क्रॉसबार से टकराकर लौट गया। रायान ने हालांकि 77वें मिनट में गोल करते हुए अपनी टीम को लीड दिलाई। इसके बाद जोवियाल डियास ने अपनी टीम के लिए 88वें मिनट में गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। यह इस टूर्नामेंट में उनका पांचवां गोल था। गोवा ने सात मैचों में 13 अंकों के साथ अपना सफर समाप्त किया जबकि आरएफ यंग चैंप्स ने इतने ही मैचों से सात अंक लेकर अपने प्रभावशाली सफर का समापन किया। शाम को हुए मैच में पांच मिनट के भीतर तीन गोल हुए। स्थानापन्न सुफियान शेख ने 19वें मिनट में गोल करते हुए चेन्नइयन को लीड दिलाई। मुम्बई की टीम ने हालांकि 21वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। मुम्बई के लिए यह गोल मोहम्मद आसिफ ने किया। तीन मिनट बाद ही चेन्नइयन ने पेनाल्टी हासिल किया, जिस पर गोल करते हुए जोसेफ लावरेनहीमा ने स्कोर 2-1 कर दिया। यह गोल 24वें मिनट में हुआ। चेन्नई की टीम यहीं नहीं रुकी और उसने दूसरे हाफ में एक और गोल करते हुए 3-1 की लीड ले ली। उसके लिए मैच का दूसरा गोल आसिफ ने 80वें मिनट में किया। चेन्नइयन ने सात मैचों में से पांच अंकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया, जबकि मुंबई प्रतियोगिता में एक भी जीत दर्ज करने में विफल रही। मुम्बई की टीम आठ-टीमों की तालिका में सबसे नीचे रही। केरला ब्लास्टर्स और बेंगलुरु एफसी के बीच खिताबी मुकाबला आज शाम को खेला जाएगा। ये दोनों टीमें आरएफडीएल के पहले संस्करण से शीर्ष दो टीमों के तौर पर इस साल के अंत में पहली बार यूनाइटेड किंगडम में आयोजित होने वाले नेक्स्ट जेन कप में खेलती नजर आएंगी।

## NEWS IN BRIEF

### टीम में हमेशा सुधार की गुंजाइश : ऋषभ

मुंबई। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत को लगता है कि राजस्थान रॉयल्स पर बड़ी जीत दर्ज करने के बाद भी उनकी टीम में हमेशा सुधार की गुंजाइश है। मिशेल मार्श (89) और डेविड वार्नर (52 *) के बीच 144 रनों की साझेदारी की बदौलत दिल्ली की टीम ने बुधवार को मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स को आठ विकेट से हराया। पंत ने मैच के बाद कहा, "यह हमारे लिए एक आदर्श मैच था। हमेशा विश्वास करें कि सुधार की गुंजाइश है। टॉस में मैंने 140-160 के आसपास का स्कोर हमारे लिए अच्छा होगा और हमें 160 का स्कोर ही मिला।" पृथ्वी शॉ की स्थिति के बारे में बात करते हुए कप्तान ने कहा कि वह टाइफाइड से पीड़ित हैं। पंत ने कहा, " डॉक्टर ने शॉ के बारे में बताया कि उसे टाइफाइड या ऐसा कुछ हो गया है। हालांकि अब उसकी स्थिति में सुधार है।"पंत ने आगे कहा, "भाग्य हमेशा आपके हाथ में होता है, आप 100 प्रतिशत देने की कोशिश कर सकते हैं। क्षेत्ररक्षण के लिहाज से हम बेहतर हो सकते हैं।" 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत खराब रही। दिल्ली ने सलामी बल्लेबाज केएस भरत का विकेट शून्य पर गंवा दिया।

बाद में, मार्श और वार्नर ने दूसरे विकेट के लिए 144 रनों की साझेदारी कर मैच अपने पक्ष में कर लिया। राजस्थान के लिए रविचंद्रन अश्विन और देवदत्त पडिक्कल ने बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहली पारी में क्रमशः 50 और 48 रन बनाए, जिससे उनकी टीम 20 ओवरों में 6 विकेट पर 160 रनों के कुल स्कोर तक पहुंच सकी। राजस्थान पर मिली जीत के साथ ही दिल्ली की टीम 12 अंकों के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है, वहीं, राजस्थान 14 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

# तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश ने दर्ज की बड़ी जीत

बीएनएम@भोपाल

भोपाल। 12वें हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2022 के सातवें दिन तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश ने बड़ी जीत दर्ज की। मैच तमिलनाडु ने 12-0 से जीता। तमिलनाडु की तरफ से रुबाश्री एन (5', 11', 60') ने हैट्रिक बनाई,जबकि सबरीमनिदेवी एस (4', 22'), एस सोनिया (19', 23'), लीमारोशनी एस (44', 55'), और निवेथा (51', 57') ने दो-दो गोल किए, वहीं, मलारविज़ी एस (18') ) ने भी एक गोल किया। दिन के दूसरे मैच में श्रेया सिंह (15', 43', 57', 60') ने उत्तर प्रदेश के लिए चार गोल दागकर अपनी टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सिमरन सिंह (10', 23') ने दो गोल किये, जबकि पल्लवी कुमारी (14'), कैष्टन रीतू सिंह (20'), ब्रम्हचारमयुम सरिता देवी (27'), वर्षा आर्य (32'), सोनल तिवारी (47') और अंशिका सिंह (52') ने मैच में एक-एक गोल किया।

# डी वाई पाटिल स्टेडियम का विकेट,पर्थ की याद दिलाता है : मिशेल मार्श


बीएनएम@मुंबई

मुंबई। राजस्थान के खिलाफ 89 रनों की मैच विजेता पारी खेलने के बाद, दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज मिशेल मार्श ने कहा कि मुंबई के डॉ डी वाई पाटिल स्टेडियम का विकेट उन्हें पर्थ की याद दिलाता है। मिशेल मार्श (89) और डेविड वार्नर (52 *) के बीच 144 रनों की साझेदारी की बदौलत दिल्ली की टीम ने बुधवार को मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स को आठ विकेट से हराया। मैच के बाद मार्श ने कहा, "यह एक कठिन मैच था। शारीरिक रूप से यह कठिन होता है जब आप थोड़ी गेंदबाजी करते हैं और थोड़ी बल्लेबाजी करते हैं। धीमी गेंदें और कटर,पर स्कोर करना कठिन था। 160 का स्कोर बराबर था। पावरप्ले के पहले चार-पांच ओवर में मैंने जितनी कड़ी बल्लेबाजी की थी, वह स्विंग थी, वहां थोड़ी सी सीम थी और उछाल थी। मुझे यह विकेट पर्थ स्टेडियम की याद दिलाता है।" 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत खराब रही। दिल्ली ने सलामी बल्लेबाज केएस भरत का विकेट शून्य पर गंवा दिया। बाद में, मार्श और वार्नर ने दूसरे विकेट के लिए 144 रनों की साझेदारी कर मैच अपने पक्ष में कर लिया। राजस्थान के लिए रविचंद्रन अश्विन और देवदत्त पडिक्कल ने बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहली पारी में क्रमशः 50 और 48 रन बनाए, जिससे उनकी टीम 20 ओवरों में 6 विकेट पर 160 रनों के कुल स्कोर तक पहुंच सकी।

# राजस्थान रॉयल्स पर मिली जीत नेट रन रेट के लिए महत्वपूर्ण : डेविड वार्नर

बीएनएम@मुंबई

मुंबई। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने राजस्थान रॉयल्स पर मिली जीत को प्लेऑफ की दौड़ में अपनी टीम के नेट रन रेट के लिए 'महत्वपूर्ण' बताया है। मिशेल मार्श (89) और डेविड वार्नर (52 *) के बीच 144 रनों की साझेदारी की बदौलत दिल्ली की टीम ने बुधवार को मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स को आठ विकेट से हराया। मैच के बाद वार्नर ने कहा,"लीग में जीत दर्ज करना अच्छा लगता है। मिचेल मार्श ने अच्छी बल्लेबाजी की, उसने सकारात्मक शुरुआत की। हमने उसे अभी कहा कि अगर वह 80 या 90 रन बना सकता है, तो वह हमारे लिए खेल सकता है। गेंदबाजों ने भी बहुत अच्छा काम किया।" उन्होंने कहा, "यह जीत महत्वपूर्ण है, क्योंकि नेट रन रेट प्ले ऑफ की दौड़ में शामिल कई टीमों के लिए एक बड़ा कारक है। यह हमारे लिए एक बड़ी जीत है।" 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत खराब रही।



# बटलर का विकेट लेना मेरे लिए बड़ी बात: चेतन सकारिया



बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार को डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी, मुंबई में राजस्थान रॉयल्स पर आठ विकेट से शानदार जीत दर्ज करते हुए टाटा आईपीएल 2022 प्लेऑफ़ की अपनी उम्मीदों को जीवित रखा। दिल्ली के तेज गेंदबाज चेतन सकारिया, जिन्होंने अपने चार ओवरों में 23 रन देकर 2 विकेट लिये, ने कहा कि वह अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा, "टीम की जीत में योगदान करना वास्तव में अच्छा लगा। मुझे जोस बटलर को आउट करने में बहुत मजा आया, क्योंकि वह शानदार फॉर्म में हैं और उनका विकेट लेना मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। मैंने अपनी योजनाओं को अच्छी तरह से क्रियान्वित किया और मैं अपने समग्र प्रदर्शन से खुश हूं।" सकारिया ने सोमवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने अगले मैच से पहले टीम की मानसिकता के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, "हम अगले मैच में जितना संभव हो सके आराम से रहने की कोशिश करेंगे। बहुत ज्यादा सोचना अच्छा नहीं है। हम एक समय में एक मैच का आनंद लेना चाहेंगे। अभी के लिए कुछ हल्के पल और अपने आने वाले गेम पर ध्यान केंद्रित करना है।" राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दो विकेट लेने वाले दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्टजे को उम्मीद है कि दिल्ली फ्रेंचाइजी अपने आखिरी दो लीग मैचों में अपनी अच्छी फॉर्म जारी रख सकती है। उन्होंने कहा,"हमें टूर्नामेंट के इस चरण में जीत की जरुरत थी और उम्मीद है कि हम आगे भी यह लय बरकरार रखेंगे। वार्नर और मार्श ने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने शुरुआत में दबाव का धैर्यपूर्वक सामना किया और फिर उस गति को पारी के बाद के हिस्से में ले लिया।" प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने का मौका पाने के लिए दिल्ली कैपिटल्स को अपने आखिरी दो लीग मैचों में जीत दर्ज करनी होगी। स्थिति के बारे में पूछे जाने पर, नॉर्टजे ने कहा, "आपको इस प्रकार की स्थितियों की आदत हो जाती है और आप केवल इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि आपको क्या करना है। हमें इस बारे में सोचना होगा कि हमें क्या करना है और बस बाहर जाना है और नतीजे की चिंता किए बिना इसे करना है।"

# BNM Fantasy



## शिल्पा ने बनाई सोशल मीडिया से दूरी

सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाली फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अब सोशल मीडिया से दूरी बनाने का फैसला किया है। इसकी जानकारी खुद शिल्पा शेट्टी ने सोशल मीडिया जे जरिये दी है । शिल्पा ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- 'एकरसता (मोनोटनी) से ऊब गई हूं। सबकुछ एक जैसा दिख रहा है। सोशल मीडिया से दूर जा रही हूं, जब तक मुझे एक नया अवतार नहीं मिल जाता।' शिल्पा शेट्टी के इस पोस्ट से सनसनी मच गई है , क्योकि सोशल मीडिया पर शिल्पा शेट्टी की अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है। अपनी फिटनेस को लेकर चर्चा में रहने वाली शिल्पा शेट्टी जल्द ही शब्बीर खान की फिल्म निकम्मा में नजर आएंगी।

स

## *सोनाक्षी सिन्हा ने सगाई की अफवाहों पर लगाया विराम*

हाल ही में भिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें साझा की थीं, जिनमें वह अपने हाथों में पहनी हुई खूबसूरत रिंग फ्लॉन्ट करती नजर आई थी। सोनाक्षी की इन तस्वीरों के सामने आने के बाद फैंस कयास लगा रहे थे कि सोनाक्षी सिन्हा ने सगाई कर ली है।लेकिन अब सोनाक्षी ने फैंस के इन कयासों को अफवाह बताते हुए अपनी सगाई की ख़बरों पर पूर्ण विराम लगा दिया है। सोनाक्षी ने अपनी लेटेस्ट पोस्ट में खुलासा किया है कि उन्होंने सगाई नहीं की है,बल्कि उन्होंने अपना एक नया नेल ब्रांड लांच किया है। सोनाक्षी ने सोशल मीडिया पर अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा-'मुझे लगता है मैंने आपको बहुत परेशान कर लिया। बहुत सारी हिंट दी गई और उनमें से कुछ भी झूठ नहीं था। मेरे लिए ये बहुत बड़ा दिन है, क्योंकि मैं अपनी खुद की आर्टिफिशियल नेल ब्रांड सोएजी (SOEZI ) लॉन्च कर रही हूं। हर लड़की के अमेजिंग नेल्स पाने का जरिया। मेरा सबसे बड़ा सपना सच हो गया, क्योंकि फाइनली मैंने एंटरप्रेन्योरशिप की दुनिया में कदम रखा है। और मैं आप सब के साथ इसे शेयर करने का इंतजार नहीं कर सकती। पिछली पोस्ट में मैं सिर्फ अपने नए प्यार यानि की नेल्स को फ्लॉन्ट कर रही थी। आप लोगों ने क्या सोचा था? लव यू गाइज। आप सबके सपोर्ट के लिए शुक्रिया।' सोनाक्षी के इस पोस्ट पर सोशल मीडिया यूजर्स जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।



## सनी ने फिल्म 'जिस्म 2 ' से रखा था बॉलीवुड में कदम

***बर्थडे स्पेशल 13 मई***



बॉलीवुड फिल्मों और गानों में अपनी बोल्डनेस की वजह से हमेशा सुर्खियां बटोरने वाली अभिनेत्री सनी लियोनी आज मनोरंजन जगत का एक बड़ा नाम बन चुकी हैं।कनाडा के सार्निया ऑंटेरियो में 13 मई,1981 को जन्मी सनी लियोनी का असली नाम करणजीत कौर वोहरा है। एक सिख पंजाबी परिवार में जन्मी सनी के पिता तिब्बत में जन्मे और दिल्ली में पले बढ़े थे। उनकी माँ हिमाचल प्रदेश के एक छोटे-से गाँव नाहन, सिरमौर से थी। बचपन से ही वह काफ़ी चुस्त थीं और लड़कों के साथ हॉकी खेलती थीं।वो आइस स्केटिंग करना पसंद करती थीं।परिवार ने सनी का दाखिला कैथलिक स्कूल में करवाया, ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि वे सोचते थे कि पब्लिक स्कूल में जाना सनी के लिए सुरक्षित नहीं है। सनी ने महज 15 साल की उम्र में जर्मन बेकरी में अपनी पहली नौकरी की थी। 19 साल की उम्र में सनी ने पोर्न इंडस्ट्री में कदम रखा और जल्द ही पोर्न इंडस्ट्री की क्वीन बन गईं। साल 2011 में सनी ने अपने बॉयफ्रेंड और अभिनेता डेनियल वेबर से शादी कर ली। साल 2011 में सनी कलर्स टीवी पर प्रसारित होने वाले मशहूर रियलिटी शो 'बिग बॉस' का हिस्सा बनीं। इस शो में एक दिन फिल्ममेकर महेश भट्ट भी पहुंचे, जहां उनकी नजर सनी पर पड़ी। इसके बाद उन्होंने सनी को अपनी फिल्म के लिए रोल ऑफर किया। साल 2012 में सनी ने फिल्म 'जिस्म 2 ' से बॉलीवुड में कदम रखा। हालांकि फिल्म सफल नहीं हो पाई, लेकिन सनी के अभिनय को काफी पसंद किया गया। इसके बाद वह कई फिल्मों में नजर आईं, जिनमें जैकपोट, रागिनी एमएमएस, मस्तीजादे, वन नाइट स्टैंड आदि शामिल हैं। इसके अलावा सनी ने कई बॉलीवुड फिल्मों में अपने आइटम नंबर से दर्शकों का दिल जीता। सनी ने हिंदी के अलावा तमिल,तेलुगु, कन्नड़ आदि भाषाओं की फिल्मों में भी अभिनय किया। सनी और डेनियल ने 2017 में निशा कौर वेबर को गोद लिया था। उसके बाद मार्च 2018 सनी सरोगेसी के जरिए दो बेटों अशर सिंह वेबर और नोआ सिंह वेबर की मां बनी। आज सनी अपने परिवार के साथ एक खुशहाल जिंदगी बिता रही हैं।